# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### करेंगे कार्रवाई


छात्रा का फॉर्म रिजेक्ट हो चुका था। प्राचार्य किसी आधार पर छात्रा द्वारा परीक्षा में शामिल होने की बात कह रहे हैं, इसकी जांच कराई जाएगी। हम मेरिट लिस्ट रद्द कर चुके हैं।
- अल्का दानी, सचिव, छग विद्यामंडलम


खबर के बाद एक्शन मोड में बोर्ड सचिव जारी की जाएगी नई मेरिट लिस्ट

## दोबारा बनेगी मेरिट लिस्ट

### एक ही स्कूल से थोक में टॉपर

हैंडराइटिंग में इतनी विविधता है कि टॉपर्स की सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाएं एक साथ देखने पर प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि इसे अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा लिखा गया है। संस्कृत बोर्ड से संचालित होने वाले विद्यालयों की संख्या प्रदेश में 94 है। इनमें एक शासकीय है। शेष 85 प्राइवेट व 8 शासकीय अनुदान प्राप्त हैं। आश्चर्य की बात यह है कि शासकीय विद्यालय से एक भी छात्र मेरिट लिस्ट में नहीं है। वहीं कई स्कूल ऐसे हैं, जहां के तीन-तीन छात्रों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है।




एक परीक्षार्थी के तीन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं में तीन अलग-अलग हैंडराइटिंग

## 'टॉपर्स कांड' में नया खुलासा

हरिभूमि-आईएनएच के हाथ लगी उत्तरपुस्तिका, टॉपर्स की टॉप-10 में शामिल अन्य छात्र भी संदेह के दायरे में

# छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं में अलग-अलग हैंडराइटिंग, हरिभूमि को मिले अहम दस्तावेज

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडल द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में हुई गड़बड़ी की खबर ने पूरे प्रदेश में तहलका मचा दिया है। हरिभूमि के खुलासे की सुबह से ही छत्तीसगढ़ में चर्चा रही। प्रदेशभर के शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों ने चिंता जाहिर करते हुए परीक्षा के इस स्वरूप पर चिंता व्यक्त की है। मामले के सामने आने के बाद विद्यामंडल भी एक्शन मोड में आ गया है। छुट्टी के दिन अधिसूचना जारी करते हुए मेरिट लिस्ट को निरस्त कर दिया गया है। छग संस्कृत विद्यामंडल के अनुसार, अब नई मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी।

रुचि वर्मा ▶▶ रायपुर

इन सबके बीच हरिभूमि को एक अहम दस्तावेज हाथ लगा है। हरिभूमि के पास टॉप-10 में आए कई छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं हैं। एक ही छात्र की सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं में अलग-अलग हैंडराइटिंग है। अर्थात इन छात्रों की सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाएं अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा हल की गई है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, टॉप-10 की सूची में जगह बनाने वाले छात्रों में से गिनती के 1-2 छात्रों को छोड़कर शेष सभी टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा हल की गई है।


हरिभूमि

खुलासा

संस्कृत बोर्ड की टॉपर परीक्षा में ही नहीं बैठी

बोर्ड सचिव ने छुट्टी के दिन खुलवाया दफ्तर

### प्रदेशभर में चला पास-पास का खेल

खबर यह है कि केवल टॉपर्स ही नहीं, बाकी छात्रों को उत्तीर्ण करने के लिए यूपी की तर्ज पर पास फेल का खेल खेला गया गया है। जो लोग सामान्य तरीके से माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए उनमें से बहुतों ने संस्कृत बोर्ड से परीक्षा दी है। कई परीक्षा केंद्रों पर अलग अलग विषयों के प्रश्नपत्र अलग अलग लोगों से हल कराए गए हैं। विस्तार से जांच होने पर इस मामले में बड़ा खुलासा संभव है।

### टॉपर और प्राचार्य अब भी लापता

खबर छपने के बाद भी तथाकथित टॉपर मोहनमती और संबंधित विद्यालय के प्राचार्य दिनेश खुंटे सामने नहीं आए हैं। उनके द्वारा अब तक मामले में अपना पक्ष नहीं रखा गया है। मोहनमती के परिवार के भी किसी सदस्य ने अब तक वास्तविक घटनाक्रम से अवगत नहीं कराया है। मोहनमती का फोन लगातार बंद आ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 'लापता टॉपर' का जो रोल नंबर उन कॉपियों में भी धांधली

हरिभूमि के हाथ जिस उत्तरपुस्तिका की प्रति हाथ लगी है, वह रोल नंबर 24102722 की है। मेरिट लिस्ट में यह रोल नंबर मोहनमती का बताया गया है, जबकि फॉर्म के अनुसार, यह रोल नंबर मनीषा गर्ग नामक छात्रा का है। इस रोल नंबर की सभी उत्तरपुस्तिकाओं में अलग-अलग व्यक्तियों की हैंडराइटिंग हैं। अर्थात स्पष्ट है कि इस रोल नंबर के सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं किसी एक विद्यार्थी द्वारा हल ना करके अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा हल की गई है। मनीषा गर्ग भी मोहनमती की तरह दीपांशु संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरदा, खरसिया की छात्रा है। थोक में गड़बड़ी होने के बाद संबंधित स्कूल पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है।

### सूत्र ने कहा, बड़े स्तर पर धांधली

मनीषा के अलावा हरिभूमि के हाथ एक और छात्र की उत्तरपुस्तिका हाथ लगी है। यह अनुक्रमांक 24102632 की है। मेरिट लिस्ट के अनुसार, यह उत्तरपुस्तिका सरस्वती संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दारीमुड़ा के छात्र संतोष की है जिसे दसवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में नौवां स्थान हासिल हुआ है। इस रोल नंबर की भी सभी उत्तरपुस्तिकाओं में अलग-अलग हस्ताक्षर हैं। सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि बड़े स्तर पर धांधली हुई है। सिर्फ एक-दो टॉपर नहीं, बल्कि आधे से अधिक टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाओं में गड़बड़ी है। यदि पूरे मामले की जांच की जाए, तो कई धांधली की कई परतें खुलेंगी।

### विषयवार जांची जाती हैं कॉपियां, इसलिए गड़बड़ी आसान

हरिभूमि की पड़ताल में मालूम चला कि संस्कृत विद्यामंडल द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का केंद्रीय मूल्यांकन किया कराया जाता है। टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित विषयों के शिक्षक के पास भेजी जाती हैं। अर्थात एक छात्र की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन किसी एक शिक्षक द्वारा नहीं होता। इसके स्थान पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के पास संबंधित उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जाती हैं। इस कारण किसी भी स्तर पर इस बड़ी धांधली का खुलासा नहीं हो सका।









## शालीमार एक्सप्रेस के एसी कोच से टकराया खंबा, एक का हाथ जख्मी, दूसरे की आंखों में धंसे कांच के टुकड़े

तीन घायल यात्रियों में से एक को उपचार के बाद भेजा घर, दो का चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोलकाता से रायपुर आ रही शालीमार एक्सप्रेस में रविवार सुबह 10 बजे बड़ा हादसा हो गया। ट्रेन जब उरकुरा से गुजर रही थी, उसी दौरान रेलवे लाइन के नीचे ड्रीलिंग किया जा रहा था। ट्रेन के गुजरते समय ड्रीलर का हेड, रीमर वापस खींचते समय ऊपर निकलने से बी-4, बी-5, बी-6 कोच से टकराकर रगड़ खाने लगा। हादसे में एक यात्री के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, वहीं एक मासूम समेत तीन यात्री भी चोटिल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। डिब्बों पर अचानक खंबा गिरने से ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन ट्रेन रोकी गई। ट्रेन रुकते ही सहमे यात्री कूद ▶▶ शेष पेज 4 पर





### जांच के आदेश

मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने इस घटना की जांच कराने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। यात्रियों की सुरक्षा एवं सरंक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है। मुख्यालय ने सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के अधिकारियों द्वारा एसएजी लेवल की जांच के आदेश दिए गए हैं। सभी यात्री खतरे से बाहर हैं।
- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेलमंडल

### ठेकेदार की अनदेखी से हुआ हादसा

घटना के बाद रेलवे अधिकारियों की टीम ने जांच शुरू कर दी, जिसके मुताबिक घटनास्थल पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कांट्रेक्टर द्वारा रेलवे को संज्ञान में लाए बिना ड्रिलिंग मशीन से रेललाइन के नीचे ड्रिलिंग की जा रही थी। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर जानकारी ली गई। उनके द्वारा यह माना गया कि घटनास्थल पर निर्धारित मानकों की अनदेखी कर ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा था। घटना की विस्तृत जानकारी पूरी जांच होने के बाद दी जाएगी।

## भूपेश के करीबी विजय भाटिया ईओडब्ल्यू की हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप और शराब घोटाले के आरोप में पूर्व सीएम के करीबी नेहरू नगर पूर्व निवासी विजय भाटिया को ईओडब्ल्यू और एसीबी ने हिरासत में ले लिया गया है। जानकारी के मुताबिक विजय भाटिया को उनके बंगले से हिरासत में लेकर टीम रायपुर के लिए रवाना हो गई है। लंबे समय से विजय भाटिया से इसे लेकर टीम पूछताछ घर की तलाशी की गई है। कई बार विजय भाटिया तलाशी के पूर्व ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शिकंजा कसा जा रहा

गौरतलब हो कि एओडब्ल्यू लगातार ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप से जुड़े लोगों पर शिकंजा कस रही है। बीते माह भर से लगातार टीम दबिश देकर कार्रवाई कर रही है। महादेव सट्टे से जुड़े लोग कार्रवाई को देख गायब हो गए हैं।

### इंडियन प्रीमियर लीग 2024 स्कोर बोर्ड

| पंजाब | | हैदराबाद |
|---|---|---|
| 214/5 | VS | 215/6 |

4 विकेट से जीती सनराइजर्स

66 रन : अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच

### ईरानी राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग, टूटा संपर्क

**नई दिल्ली।** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को रविवार को हार्ड लैंडिंग का सामना करना पड़ा, जिसकी पुष्टि आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने की। रईसी ईरान के पूर्वी अज़रबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जोल्फा शहर के पास हुई। सामने आया है कि कथित तौर पर तीन हेलीकॉप्टर काफिले में थे, और दो अन्य बिना किसी समस्या के वापस आ गए। खराब मौसम के कारण ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी की बचाव टीमों के लिए उस क्षेत्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।











# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



> लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में सबसे अहम लखनऊ लोकसभा सीट के लिए पांचवे चरण में 20 मई सोमवार को मतदान होगा। भाजपा का गढ़ बन चुकी लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा के लिए बेहद सुरक्षित सीट मानी जाती है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी के रुप में हैट्रिक बनाने के लिए एक बार फिर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के रुप में समाजवादी पार्टी ने लखनऊ मध्य विधानसभा सीट के मौजूदा विधायक रविदास महरोत्रा को चुनावी जंग में उतारा है। वहीं बसपा ने जातिगत समीकरण की चुनावी रणनीति के तहत मोहम्मद सरवर मलिक को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### केंद्रीय मंत्री के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने मौजूदा विधायक पर खेला दांव

# भाजपा के गढ़ लखनऊ में हैट्रिक बनाने का लक्ष्य लेकर उतरे राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के हाईप्रोफाइल संसदीय क्षेत्रों में शुमार लखनऊ लोकसभा सीट नेहरु परिवार की विजया लक्ष्मी पंडित, श्योराजवती नेहरू व शीला कौल के अलावा हेमवती नंदन बहुगुणा और देश के प्रधानमंत्री रहे स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेताओं की कर्मभूमि रही है। नब्बे के दशक में भाजपा की गढ़ बन चुकी इस सीट पर ज्यादातर राजनीतिक दल जातीय समीकरण साधकर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारते रहे हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश की राजधानी के शहरी संसदीय क्षेत्र के रुप में पहचाने जाने वाली इस सीट पर पिछले दस सालों में सियासी समीकरण बदले हैं।

| लखनऊ सीट पर मतदाताओं का चक्रव्यूह | कुल मतदाता | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्डजेंडर |
|---|---|---|---|---|
| | 21,72,171 | 11,48,119 | 10,23,960 | 92 |

### लखनऊ लोकसभा सीट का सियासी सफर



राजनाथ सिंह



रविदास महरोत्रा



सरवर मलिक

**इस सीट पर ज्यादातर राजनीतिक दल जातीय समीकरण साधकर उतारते हैं प्रत्याशी**

*उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट शुरुआती दौर में नेहरु परिवार का गढ़ रही लोकसभा सीट को कांग्रेस और भाजपा जैसे दलों के देखने को मिले मुकाबलों में नब्बे के दशक में भाजपा ने भगवा में बदलकर अपना सियासी किला मजबूत किया है। इस सीट पर 1952 के पहले चुनाव में पंडित जवाहरलाल नेहरु की बहन विजया लक्ष्मी पंडित जीतकर लोकसभा पहुंची थी, लेकिन तीन साल बाद ही यहां 1955 के उपचुनाव में नेहरी की रिश्तेदाय श्योराजवती नेहरु ने जीत दर्ज की। करीब डेढ़ दशक के कांग्रेस के विजय रथ को यहां 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण मुल्ला ने तोड़ा, लेकिन 1971 के चुनाव में नेहरु परिवार से आने वाली शीला कौल ने यहां जीत दर्ज कर कांग्रेस का परचम लहराया। आपातकाल में चली कांग्रेस विरोधी लहर में 1977 के चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े हेमवती नंदन बहुगुणा ने जीत दर्ज की। इसके बाद फिर लगातार दो बार फिर कांग्रेस की शीला कौल ने लगातार दो जीत दर्ज की।*

### विस उपचुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

लखनऊ लोकसभा सीट के साथ इसी इसके दायरे में आने वाले लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी 20 मई को ही मतदान होगा। यह सीट भाजपा के विधायक आशुतोष टंडन के निधन के कारण खाली हुई थी। यहां चुनाव मैदान में चार प्रत्याशी हैं, जिनमें भाजपा के ओमप्रकाश और इंडी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के रुप में कांग्रेस के टिकट पर मुकेश कुमार के अलावा बसपा के आलोक कुशवाह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। जबकि विनोद वाल्मिकि निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर कुल 4,64,510 मतदाता हैं।

### पांच विस सीटों मतदाताओं की स्थिति वार मतदाता

| विधान सभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| लखनऊ पश्चिम | 2,50,268 | 2,20,527 | 33 | 4,70,828 |
| लखनऊ उत्तर | 2,61,150 | 2,29,524 | 23 | 4,90,697 |
| लखनऊ पूर्व | 2,42,937 | 2,21,558 | 15 | 4,64,510 |
| लखनऊ मध्य | 1,97,039 | 1,77,966 | 9 | 3,75,014 |
| लखनऊ कैंट | 1,96,725 | 1,74,385 | 12 | 3,71,122 |
| कुल | 11,48,119 | 10,23,960 | 92 | 21,72,171 |

## सोशल मीडिया

### सावधान हो जाइए! भाजपा आरक्षण खत्म पर तुल गई है : लालू यादव



राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने कहा कि सतर्क और सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गई है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे, जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे। संविधान है तो आरक्षण है और आरक्षण है तो गैर बराबरी, उत्पीड़न एवं अत्याचार से सुरक्षा है।

### देश में बेरोजगारी को नियंत्रित नहीं कर पाए पीएम मोदी : ओवैसी



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, देश में गरीबी बड़ी समस्या बन चुकी है। पीएम मोदी बेरोजगारी को नियंत्रित नहीं कर पाए, महंगाई बढ़ती जा रही है। जिस तरह से प्रधानमंत्री अग्निवीर योजना आर्मी में लाए। उसी तरह वे इसे केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में भी लागू करेंगे। यदि वो ऐसा करेंगे तो बहुत बड़ा नुकसान हो जाएगा। गौरतलब है कि असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम और पल्लवी पटेल की अपना दल कमेरावादी सहित चार पार्टियों के पिछड़ा दलित मुस्लिम (पीडीएम) गठबंधन बनाया है।

## नाराज कांग्रेसियों ने खड़गे की तस्वीरों पर पोती स्याही

**अधीर को चेतावनी देने से बंगाल के कार्यकर्ता नाराज!**



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी के बीच टीएमसी के साथ पार्टी के संबंधों को लेकर विवाद के बीच कोलकाता में प्रदेश कांग्रेस भवन में मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीरों पर काली स्याही पोत दी गई। कोलकाता में विधान भवन के सामने कांग्रेस के कई होर्डिंग लगे हुए हैं, इन होर्डिंग पर खड़गे समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की तस्वीरें लगी हुई हैं। रविवार को होर्डिंग पर खड़गे की तस्वीरों पर स्याही पोत दी गई है। होर्डिंग पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी की भी तस्वीरें हैं। लेकिन उन तस्वीरों पर स्याही का निशान तक नहीं है।

### यह है मामला

दरअसल, ममता बनर्जी ने कुछ दिन पहले एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि केंद्र में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनने पर वह उसे बाहर से समर्थन देंगी। इस पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। वह भाजपा के साथ जा सकती हैं। चौधरी के इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए खड़गे ने कहा था, ममता सरकार में शामिल होंगी। इस बारे में अधीर फैसला नहीं लेंगे। फैसला मैं और आलाकमान लेंगे, जो सहमत नहीं होंगे वे बाहर जाएंगे। खड़गे के बयान के बारे में पूछे जाने पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति के पक्ष में नहीं बोल सकता जो मुझे और बंगाल में हमारी पार्टी को राजनीतिक रूप से खत्म करना चाहता है।

## 'देश के परमाणु हथियारों को खत्म कर देगा इंडी गठबंधन'

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले-**



**प्रयागराज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को प्रयागराज के मेजा के सोरांव में चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन पर तीखा हमला किया। शाह ने इंडी गठबंधन पर धारा 370 की वापसी की मंशा रखने, पाकिस्तान को सम्मान देने और परमाणु हथियारों को नष्ट करने का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का संकल्प लेने का है। ऐसे में जनता नेतृत्व विहीन गठबंधन की राजनीति को समझ चुकी है। इस बार के चुनाव में 400 पर से भी अधिक सीटें जीत कर देश की जनता पीएम मोदी को तीसरी बार भारत के सशक्त प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। शाह ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा से सोच समझकर सटीक और मजबूत निर्णय लिया है। उन्होंने जनता से पूछा- क्या आप देश में मजबूत प्रधानमंत्री चाहते हैं या हर साल में बदलने वाला पांच बार में पांच प्रधानमंत्री। शाह ने

### विपक्ष पर साधा निशाना

अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता खुलेआम कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनेगी तो कश्मीर से धारा 370 को फिर वापस ले आएंगे। इंडिया गठबंधन के नेता मणि शंकर अय्यर पाकिस्तान को सम्मान देने की बात कह रहे हैं। वह कहते हैं कि इसलिए पाकिस्तान को सम्मान देना चाहिए क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार है। जबकि इंडिया गठबंधन वाले देश में परमाणु हथियारों को खुद खत्म करना चाहते हैं।

**भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के खिलाफ कांग्रेस ने सोनिया के प्रतिनिधि किशोरी लाल पर खेला है दांव**

# हॉट सीट अमेठी... कांग्रेस के सामने है सियासी गढ़ में वापसी करने की चुनौती!

*लोकसभा चुनाव में रायबरेली की तरह ही अमेठी लोकसभा सीट भी नेहरु-गांधी परिवार का गढ़ रहा है, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में पहली बार इस परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव मैदान में नहीं है। इस सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी मात देकर कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा था। शायद की बदलते सियासी समीकरण को भांपते हुए गांधी परिवार के राहुल गांधी ने अमेठी की रणभूमि को छोड़ केरल की वायनाड को अपना सियासी रण का मैदान बना लिया है।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। गांधी परिवार के राहुल गांधी वायनाड के साथ इस बार यूपी में अमेठी के बजाए रायबरेली में अपनी मां सोनिया गांधी की जगह चुनावी जंग में ताल ठोक रहे हैं और अमेठी सीट पर सोनिया गांधी के लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि किशोरीलाल शर्मा को भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को चुनौती देने के लिए मैदान में उतारा है। इस बार भी अमेठी के लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच ही सीधा मुकाबला होने की संभावना है, लेकिन बसपा इस चुनावी जंग को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में जुटी है।



स्मृति ईरानी



किशोरी लाल शर्मा



नन्हे सिंह चौहान

### नेहरू-गांधी परिवार की राजनैतिक कर्मभूमि

यूपी के लोकसभा क्षेत्रों में अमेठी लोकसभा क्षेत्र भी कांग्रेस का गढ़ रहा है, जिसे नेहरू-गांधी परिवार की राजनैतिक कर्मभूमि के रुप में पहचाना गया है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के नाती संजय गांधी व राजीव गांधी के अलावा राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी और पुत्र राहुल गांधी ने चुनाव जीतकर लोकसभा में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। राजनीतिज्ञों की माने तो अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल के चेहरे पर गांधी परिवार की ही प्रतिष्ठा दांव पर होगी, भले ही उनके परिवार का सदस्य चुनाव से बाहर हो। भाजपा ने एक बार फिर यहां से मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को प्रत्याशी बनाकर जीत के सिलसिले आगे बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। पिछले दस साल में विकास और जनकल्याण की योजनाओं के जरिए बदली अमेठी की तस्वीर लेकर भाजपा इस चुनावी समर में जनता के बीच में है। वहीं इस लोकसभा क्षेत्र का 14 बार प्रतिनिधित्व कर चुकी कांग्रेस भी नई रणनीति के भाजपा को कड़ी चुनौती देने की तैयारी में हैं। भाजपा और कांग्रेस के बीच होने वाली प्रमुख चुनावी जंग के बीच बसपा ने भी यहां जातीय समीकरण साधते हुए नन्हे सिंह चौहान को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें पांच निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं।

### अमेठी में मतदाताओं का चक्रव्यूह

यूपी की अमेठी लोकसभा सीट पर 20 मई को चौथे चरण में होने वाले चुनाव में 13 प्रत्याशियों को 17,89,822 मतदाताओं के चक्रव्यूह भेदने की दरकार होगी। अमेठी लोकसभा सीट के जातिगत समीकरणों पर गौर की जाए, तो यहां ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाता अहम हैं। इस सीट पर सबसे अधिक 34 फीसदी ओबीसी वर्ग के मतदाता हैं।

## चुनावी इतिहास

यूपी में रायबरेली की तरह ही अमेठी लोकसभा भी कांग्रेस, खासतौर से गांधी परिवार का सियासी गढ़ बन चुका था। साल 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट पर पहले दो चुनाव कांग्रेस के विद्याधर वाजपेयी पहले दो चुनाव जीते, लेकिन 1977 में यहां जनता पार्टी के रविन्द्र प्रताप सिंह ने जीत हासिल की। लेकिन इसके बाद 1980 के चुनाव में फिर कांग्रेस ने वापसी की और इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी यहां से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे, लेकिन उनका हवाई हादसे में निधन के बाद यहां 1981 में उप चुनाव में पहली बार उनके बड़े भाई राजीव गांधी ने सियासी पारी की शुरुआत की और पहली बार सांसद बने। राजीव गांधी इस सीट से लगातार चार बार निर्वाचित हुए और मां इंदिरागांधी की हत्या के बाद 1984 में प्रधानमंत्री बने। लेकिन 1991 को भी उनकी लिट्टे उग्रवादियों ने विस्फोट करके हत्या कर डाली, जिसके कारण इसी सीट पर फिर उप चुनाव हुए, जिसकें कांग्रेस के सतीश शर्मा जीते और उन्होंने 1996 का दूसरी बार भी चुनाव जीता।

### 1998 में रुका कांग्रेस का विजयरथ

कांग्रेस के विजय रथ को 1998 के चुनाव में भाजपा के संजय सिंह ने जीत दर्ज करके रोका, लेकिन 1999 में राजनीति में कूदी सोनिया गांधी ने यहां चुनाव जीतकर फिर कांग्रेस की वापसी कराई। इसके बाद सोनिया गांधी ने अपना चुनावी क्षेत्र रायबरेली बनाया और यहां बेटे राहुल गांधी को चुनाव जीताकर सियासत में प्रवेश कराया। इसके बाद राहुल गांधी इस सीट से लगातार लगातार चार बार सांसद बने। लेकिन साल 2019 के चुनाव में इस सीट से भाजपा की स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को हराकर कांग्रेस का तिलिस्म तोड़कर 2014 में हार का बदला चुकता किया। इसके बाद राहुल गांधी ने अपना रणक्षेत्र बदल दिया।

**बंगाल में गरजे पीएम मोदी**

# इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, वे चला चुके हैं



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में रविवार को हुंकार भरी। पांचवें चरण के मतदान से पहले उन्होंने पुरुलिया में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह पुरुलिया में वोट मांगने नहीं बल्कि जनता का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने आरक्षण को लेकर इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। इसके साथ ही बंगाल की सत्तारूढ़ टीएमसी सरकार पर भी आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी राज्य में मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी का वादा लेकर आई थी, लेकिन अब वही भक्षण कर रही है।

### आरक्षण पर साधा निशाना

आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, वे चला चुके हैं, लेकिन जनता जनार्दन के सुरक्षा कवच के आगे इनका हर तीर, हर साजिश नाकाम साबित हुई है। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने इन चुनावों में इंडी गठबंधन वालों का कच्चा चिट्ठा खोलकर देश के सामने रख दिया है। उन्होंने कहा, "बाबा साहेब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन आज इंडी गठबंधन वाले धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं।"

**प्रयागराज में राहुल गांधी ने साधा पीएम मोदी पर निशाना**

# 'करोड़ों महिलाओं को देंगे टकाटक-टकाटक 1 लाख'

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रयागराज की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीए मोदी व भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, इंडिया की सरकार बनने पर 'हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रुपये, महीने के 8500 रुपये हम डालेंगे। राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है, हमारे 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') की सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी।



### बेरोजगार युवकों को साल में 1 लाख

प्रयागराज सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जिले के यमुनापार करछना के मुंगारी गांव में आयोजित जनसभा में राहुल ने कहा, "हम बेरोजगार युवकों को साल में एक लाख रुपये देने जा रहे हैं। अग्निवीर योजना को हम कूड़ेदान में फेंकेंगे। मजदूरों को मनरेगा में 400 रुपये और आशा कार्यकर्ताओं को दोगुनी आमदनी देने जा रहे हैं।" इस सभा को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा, "यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

**देश में जारी है लोकसभा चुनाव, 20 मई को होगी पांचवें चरण की वोटिंग**

# पांचवें चरण में होंगे 695 उम्मीदवार, जिनमें केवल 82 महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग 20 मई को होगी।इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पांचवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एडीआर के एक विश्लेषण के अनुसार, मौजूदा लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व निराशाजनक रूप से कम बना हुआ है, क्योंकि पांचवें चरण में चुनाव मैदान में केवल 12% महिला उम्मीदवार हैं एडीआर ने कहा कि 20 मई को पांचवें चरण में कुल 695 उम्मीदवारों में से केवल 82 महिलाएं हैं। एडीआर विश्लेषण से यह भी पता चला है कि लगभग 23% उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं और लगभग 18% पर गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं। हाल में जारी किए एक विश्लेषण में एडीआर ने बताया है कि पहले चरण में 695 उम्मीदवारों से 159 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

**एडीआर की रिपोर्ट में हुए कई महत्वपूर्ण खुलासे**





### कितने उम्मीदवार करोड़पति

पांचवें चरण के 695 में से 33 प्रतिशत यानी 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिसमें से सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के चार में से दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। पांचवें चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 3.56 करोड़ की संपत्ति है। एक उम्मीदवार ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। वहीं तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति क्रमश 67 रुपये, 700 रुपये और 5427 रुपये बताई है। पांचवें चरण में सबसे अमीर उम्मीदवार यूपी के झांसी से अनुराग शर्मा हैं, जिनकी कुल संपत्ति 212 करोड़ है।

### यह है एडीआर की रिपोर्ट

रिपोर्ट के अनुसार, 695 में से 159 यानी कि 23 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले लंबित हैं, जिसमें से 122 यानी कि 16 प्रतिशत उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं तो वहीं चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जुड़े मामलों का खुलासा किया है जबकि 28 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 29 हैं। इन 29 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है।

### किस पार्टी के कितने उम्मीदवार आपराधिक छवि के

पांचवें चरण की बात करें तो सपा के सभी 10 में से पांच उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, शिवसेना के छह में से तीन, एआईएमआईएम के चार में से दो, भाजपा के 40 में से 19, कांग्रेस के 18 में से 8, टीएमसी के 7 में से तीन, शिवसेना (यूबीटी) के 8 में से तीन और राजद के 5 में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और उम्र

शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो 293 यानी 42 प्रतिशत उम्मीदवारों ने मात्र 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई की है तो वहीं 349 यानी 50 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 26 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं और 20 उम्मीदवार साक्षर जबकि पांच उम्मीदवार निरक्षर भी हैं। उम्र की बात करें तो 207 यानी 30 प्रतिशत उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच है तो 384 यानी 55 प्रतिशत प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं।

रायपुर
सोमवार, 20 मई 2024
बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 22, अंक : 302
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 40.2
न्यून. 25.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## लो-वोल्टेज आने पर ये प्रावधान

भार में कमी (लो वोलटेज) होने पर आगामी बिलिंग माह के पहले दिन से प्रभावशील होगा। ऐसे में उपभोक्ता को हर दिन के लिए 500 रुपए हर्जाना देने का प्रावधान किया गया है। अगर उपभोक्ता को बिजली बिल नहीं मिला हो तो उसकी शिकायत के तीन दिन के अंदर उसे बिल देना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो भी उपभोक्ता के 500 रुपए हर दिन के लिए देने होंगे। नए कनेक्शन या अतिरिक्त प्रभार का आवेदन के मामले में सामान्य कनेक्शन (सभी श्रेणी) एस. संवर्ग के शहर सहित सभी नगरीय क्षेत्रों में 7 दिन में तथा ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन में सेवा देनी होगी, वरना हर एक दिन की देरी के लिए उपभोक्ता को 500 रुपए हर्जाना देना होगा। निम्नदाब कृषि कनेक्शन के लिए संपूर्ण व्यय का भुगतान करने के बाद 90 दिन में देना होगा, ऐसे मौसम में जहां खेत में पहुंच उपलब्ध हो। ऐसे मौसम में जहां खेत में पहुंच उपलब्ध न हो, के समय कृषि कनेक्शन विस्तार के लिए संपूर्ण व्यय का भुगतान करने के बाद 180 दिनों में देना होगा। उल्लंघन की स्थिति में उपभोक्ता के प्रतिदिन के लिए 500 रुपए हर्जाना देना होगा।

# मीटर का मैटर हो या बत्ती गुल, समय पर नहीं सुधरा तो हर दिन मिलेगा 500 रुपए हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत वितरण में निष्पादन संबंधी मानक विनियम-2020 में बदलाव किया है। अब मीटर संबंधी शिकायत आने पर जैसे की मीटर जलने पर पर शहरों में 24 घंटे और गांवों में 72 घंटे में बदलकर नया लगाना होगा। साथ ही मीटर की रीडिंग हर माह करनी होगी। अगर इस काम में देर हुई तो पहले महीने के लिए उपभोक्ता को 500 रुपए और उसके बाद के माह के लिए 1000 रुपए प्रतिकर देना होगा। शहर में अगर फ्यूज ऑफ कॉल (बिजली गुल) चार घंटे हुआ और ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे तक गई तो भी हर दिन के लिए उपभोक्ता को ⏭ शेष पेज 4 पर

■ लो-वोल्टेज आने पर भी उपभोक्ता को मिलेगा हर्जाना

## विद्युत नियामक आयोग ने किया विनियम-2020 में बदलाव

### 24 से 72 घंटे में मीटर बदलना होगा

जले हुए मीटर के मामले में वितरण लायसेंसी द्वारा मीटर को एक समयावधि के भीतर बदला जाएगा। यह काम ए श्रेणी के शहरों और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे में और ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे में करना होगा। इसी तरह फ्यूज ऑफ कॉल (बिजली गुल) के मामले में कहा गया है कि एक संवर्ग के शहर एवं नगरीय क्षेत्रों में चार घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे बिजली गुल रही तो प्रभावित उपभोक्ता को हर दिन के लिए 500 रुपए प्रतिकर देना ⏭ शेष पेज 4 पर



### मीटर खराब हो तो...

आयोग की अधिसूचना के मुताबिक मीटर संबंधी शिकायत होने के बाद वितरण लायसेंसी त्रुटिपूर्ण, बिना कार्यरत (बंद धीमे एवं तेजी से चलने) मीटर की पहचान के लिए निरीक्षण किया जाएगा। यह निरीक्षण ए संवर्ग के शहरों क्षेत्रों में चार दिन, नगरीय क्षेत्र में सात दिन, ग्रामीण क्षेत्र में 12 दिन की समयसीमा में किया जाएगा। खराबी का पता लगने पर वितरण लायसेंसी द्वारा मीटर को बदला जाएगा। शहरों और नगरीय क्षेत्रों में यह काम 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 72 घंटे ⏭ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कठुआ में एलओसी के पास सर्च ऑपरेशन



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि का पता चलने के बाद सुरक्षा बलों ने सघन तलाश अभियान शुरू किया है। इन व्यक्तियों के आतंकवादी होने का संदेह है।

### जदयू सांसद रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट



**बेंगलुरु।** विशेष अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने प्रज्वल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में शनिवार को वारंट जारी किया।

### एक केले को लेकर हत्या की कोशिश



**ठाणे।** पुलिस ने ठाणे जिले में एक केले को लेकर हुए झगड़े के बाद दो लोगों की हत्या करने की कोशिश के आरोप में दुकानदार और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। 27 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दोस्त ने एक दर्जन केले खरीदे और पैसे दिए।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में रविवार को एक नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार लग्जरी कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना करीब सवा तीन बजे कल्याणी नगर में हुई।

## आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों के लिए आज होगा मतदान

# राजनाथ, स्मृति समेत पांच केंद्रीय मंत्रियों और राहुल समेत कई बड़े नेताओं का होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*लोकसभा चुनाव में पांचवे चरण का मतदान 20 मई को होगा। आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 49 सीटों पर मतदान होगा। चार चरणों में अभी तक 379 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। पांचवे चरण के साथ कुल 428 सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा। छठे चरण में 58 और सातवें चरण में 57 लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। पांचवे चरण में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल के साथ पांच केंद्रीय मंत्री और राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है।*

निर्वाचन आयोग के मुताबिक सोमवार को बिहार, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक पांचवें चरण में 9 लाख 47 हजार कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया का संचालन करेंगे। सामान्य तौर पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पांचवे चरण में कुल 8 करोड़ 95 लाख से ज्यादा हैं। इसमें 5409 वोटर थर्ड जेंडर हैं। इनमें से 100 साल या इससे ज्यादा आयु के 24,792 मतदाता हैं, जबकि 85 साल या इससे ज्यादा आयु के 7 लाख 81 हजार मतदाता हैं। सात लाख तीन हजार मतदाता दिव्यांग वोटर हैं।

मतदान पर निगरानी के लिए 153 ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इनमें से 55 सामान्य ऑब्जर्वर हैं, तो 30 पुलिस यानी सुरक्षा ऑब्जर्वर और 68 की निगाह चुनावी खर्चों पर होगी. इनके अलावा 2 हजार से ज्यादा उड़नदस्ते तैनात किए गए हैं, ये पोलिंग बूथों पर औचक निरीक्षण करेंगे। चुनाव कार्य में लगी निर्वाचन अधिकारियों की टीम की दुर्गम इलाकों में स्थित बूथों तक आवाजाही के लिए 17 विशेष ट्रेन और 508 हेलिकॉप्टर उपलब्ध ⏭ शेष पेज 4 पर

### कहां-कितनी सीटें

| | |
|---|---|
| बिहार | 05 |
| जम्मू और कश्मीर | 01 |
| झारखंड | 03 |
| लद्दाख | 01 |
| महाराष्ट्र | 13 |
| उत्तर प्रदेश | 14 |
| ओडिशा | 05 |
| प. बंगाल | 07 |

### करोड़पति भी कम नहीं

इस चरण में 227 करोड़पति प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं। 3.56 करोड़ रुपये प्रत्याशियों की औसत संपति है। झांसी से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के पास सबसे अधिक 212 करोड़ रुपये से अधिक की संपति है। एक प्रत्याशी ने अपनी संपति शून्य घोषित की है।



8 करोड़ 95 लाख से ज्यादा मतदाता

### महाराष्ट्र में आखिरी चरण

महाराष्ट्र में आम चुनाव के पांचवे और आखिरी चरण में सोमवार को मुंबई की छह सीट सहित राज्य की 13 लोकसभा सीट पर मतदान होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), भारती पवार (डिंडोरी) और कपिल पाटिल (भिवंडी) भाजपा के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं। पार्टी ने वकील उज्ज्वल निकम (मुंबई उत्तर मध्य) को भी मैदान में उतारा है।

### रायबरेली और अमेठी पर नजर

सोमवार को होने वाले मतदान में सबकी निगाहें रायबरेली और अमेठी सीट पर लगी हुई हैं। रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मैदान में हैं। भाजपा ने यहां से दिनेश सिंह को मैदान में उतारा है। रायबरेली कांग्रेस का मजबूत गढ़ मानी जाती है। अमेठी में कांग्रेस ने भाजपा की मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी के सामने केएल शर्मा को टिकट दिया है।

### दांव पर इन दिग्गजों की साख





- रोहिणी आचार्य
- साध्वी निरंजन ज्योति
- कौशल किशोर
- भारती प्रवीण पवार
- राजीव प्रताप रूडी

## साय का प्रियंका पर हमला

# कहा- आसानी से नहीं जाएगी 70 साल से झूठ बोलने की बीमारी

■ राशन वितरण में कटौती किए जाने के बयान पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पीडीएस सिस्टम में चावल वितरण के बयान को लेकर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी आसानी से नहीं जाएगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस नेताओं पर भी निशाना साधा है।

दरअसल कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा, छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन दिया जाता था और अब भाजपा की सरकार आने पर केवल पांच किलो दिया जाता है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### राशन का वितरण यथावत जारी

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस बार राशन के मामले में फिर आपकी पार्टी ने आपको बेवकूफ बना दिया। थोड़ा पढ़-लिख लिया कीजिए कोई बयान देने से पहले। थोड़ा होमवर्क कर बयान देंगी तो बार-बार फजीहत नहीं होगी। याद रखिए, कांग्रेस की तरह हमारी सरकार गरीबों के राशन पर डाका नहीं डाल रही है, बल्कि और भी अधिक सुगमता से राशन का वितरण यथावत जारी है।

### पांच किलो अतिरिक्त चावल दे रहे

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पीडीएस के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाले पांच किलो चावल के अतिरिक्त एक सदस्य वाले कार्डधारी को दस किलो, दो सदस्य वाले कार्डधारी को बीस किलो, तीन से पांच सदस्य वाले कार्डधारी को पैंतीस किलो और पांच से अधिक सदस्य वाले कार्डधारी को सात किलो प्रति सदस्य निशुल्क चावल सरकार दे रही है।

# पलंग में नोट ही नोट, 100 करोड़ जब्त

एजेंसी ⏭ आगरा

उत्तर प्रदेश आगरा में इनकम टैक्स के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। आयकर विभाग के छापे में तीन जूता कारोबारियों से 100 करोड़ रुपए की जब्ती का अनुमान है। शनिवार दोपहर 12 से रविवार शाम छह बजे तक 14 ठिकानों पर छापा जारी था। आलोक नगर स्थित हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से 60 करोड़ की नकदी मशीनों से गिनी जा चुकी थी। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी है।

जयपुर हाउस स्थित आलोक नगर में हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग का घर है। घर में पलंग, अलमारी, जूते के डिब्बे, थैलों व दीवारों से भी 500-500 के नोटों की गड्डियां निकलीं। ⏭ शेष पेज 4 पर

## आईटी अफसर भी हैरान, गिनते-गिनते हो गई रात

### पर्चियों से हुआ पर्दाफाश

आगरा में घरेलू जूता कारोबार में नकद का भुगतान पर्चियां से होता है। सात मई को मतदान था। ऐसे में पर्चियां नहीं भुनाई जा सकीं। चुनाव के बाद पर्चियां भुनाए जाने की सूचना और टैक्स में हेराफेरी की शिकायत आयकर तक पहुंची।





### कैश में करता है धंधा

हरमिलाप ट्रेडर्स कैश में धंधा करता है। इस वजह से वह आईटी या जीएसटी विभाग से बचता रहा है। हरमिलाप के बारे में जूता उद्योग से जुड़े एक उद्यमी ने बताया कि हरमिलाप किसी भी कारोबारी को पर्ची (माल सप्लाई के बाद नगदी की रसीद) पर कैश रुपया देने का काम करता था। इसमें उसका तगड़ा कमीशन रहता था। जैसे किसी कारोबारी को कोई कंपनी ने माल लेकर उसे भुगतान के लिए एक पर्ची दे दी जाती है उसमें 2 या 3 महीने का समय दे दिया जाता है। कारोबारी को रुपए की जरुरत पड़ने पर हरमिलाप रकम देता है।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून : 150 साल में हर बार केरल पहुंचने की तारीख बदली

# निकोबार में मानसून की दस्तक, 13 जून को पहुंचेगा छत्तीसगढ़ !

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/नई दिल्ली

खास खबर

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यहां यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने कहा, दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### कब-कहां पहुंचने का अनुमान

| | |
|---|---|
| केरल | 31 मई |
| तमिलनाडु | 01 जून |
| आंध्रप्रदेश | 04 जून |
| छत्तीसगढ़ | 13 जून |
| मध्यप्रदेश | 16 जून |
| गुजरात | 19 जून |
| राजस्थान | 25 जून |



### अब के बरस अच्छी बारिश का अनुमान

जलवायु के दो पैटर्न होते हैं, अल नीनो और ला नीना। पिछले साल अल-नीनो सक्रिय था, जबकि इस बार अल-नीनो परिस्थितियां इसी हफ्ते खत्म हुई हैं और संभावना बन रही है कि तीन से पांच हफ्तों में ला-नीना परिस्थितियां पैदा हो जाएंगी। पिछले साल अल-नीनो के समय सामान्य से कम 94 फीसदी बारिश हुई थी। 2020 से 2022 के दौरान ला-नीना ट्रिपल डिप के दौरान 109 फीसदी, 99 फीसदी व 106 फीसदी बारिश हुई थी।

### मानसून आने में वक्त पर बस्तर में जमकर बरस रहे बादल

**रायपुर।** अंडमान-निकोबार तक पहुंच चुके मानसून के छत्तीसगढ़ आने में अभी वक्त है मगर यहां बारिश की गतिविधि लगातार बनी हुई है। राज्य में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का प्रवेश जारी है जिसकी वजह से यहां किसी ना किसी हिस्से में वर्षा की गतिविधि बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार चौबीस घंटे में सुकमा में 120.3 मिमी, छिंदगढ़ में 90.2, तोंगपाल में 50.6, गादीरात में 32.7 तथा कोंटा में 29.8 मिमी तथा अन्य इलाकों में इससे ⏭ शेष पेज 4 पर



## चिंतन

# कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना जरूरी

देश में जारी आम चुनाव के दरम्यान कश्मीर में एक घंटे के भीतर दो आतंकी हमले घाटी में चुनाव की फिजा को खराब करने की नापाक कोशिशें हैं। यह कायराना हरकत निंदनीय है, शर्मनाक है। आतंकियों ने टूरिस्ट दंपति और स्थानीय भाजपा नेता को निशाना बनाया है। आतंकियों की कोशिश कश्मीर की शांति को भंग करने की है, पर्यटकों को डराने की है और वहां जारी राजनीतिक कवायद में खलल डालने की है, लेकिन घाटी में आतंकी अपने नापाक मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे। अनंतनाग के पहलगाम के पास एक ओपन टूरिस्ट कैंप में आतंकियों ने एक टूरिस्ट पति-पत्नी को गोली मार दी। दंपति राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। महिला का नाम फराह और उसके पति का नाम तबरेज है। चार दिन पहले वे करीब 50 लोगों के एक ग्रुप के साथ कश्मीर घूमने गए थे। शोपियां के हीरपोरा में शनिवार रात करीब 10.30 बजे आतंकियों ने लोकल भाजपा नेता ऐजाज अहमद शेख को गोली मार दी। ऐजाज अहमद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। ऐजाज अहमद पूर्व सरपंच थे। इन दोनों आतंक घटनाओं में मुस्लिम को निशाना बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में दोनों हमले तब हुए है, जब यहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। 20 मई को पांचवें फेज में बारामूला सीट पर मतदान होना है। 25 मई को छठे फेज में अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान होगा। उधमपुर और जम्मू में 19 और 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। श्रीनगर में 13 मई को वोटिंग हुई थी। दोनों ही आतंकी घटना दक्षिण कश्मीर में हुई है। भारतीय सेना द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन क्लीन के बाद आतंकवाद दक्षिण कश्मीर तक सीमित हो गया है। यह क्षेत्र एलओसी के पास है। बाकी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी आ गई है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की मंशा कश्मीर में अशांति फैलाने की रही है, इसी मंशा के तहत वे स्थानीय दहशतगर्दों की मदद से आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। पूर्व में आतंकियों ने गैर कश्मीरी कामगारों व कश्मीरी पंडितों की सिलेक्टिव हत्या की है। उस वक्त भी वे यही संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में शांति स्थापित नहीं हो सकी है। करीब चार दशक से कश्मीर पाक प्रायोजित आतंकवाद से लहूलुहान है। सेना के ऑपरेशन क्लीन के बाद वहां आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगी है, पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका है। पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि कश्मीर के पर्यटन उद्योग को खत्म किया जा रहा है। उमर अब्दुल्ला ने भी इस आतंकी घटना की कड़ी निंदा की है, भाजपा ने इस घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इससे पहले 4 मई को पुंछ में एयरफोर्स जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें एक जवान शहीद हो गया था व पांच जवान घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर सरकार व सेना को चाहिए कि आम चुनाव के दौरान अपने खुफिया नेटवर्क को और सतर्क करे, सीमा पर चौकसी बढ़ाए और आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ऑपरेशन क्लीन को और तेज करने की जरूरत है। चुनाव में खलल डालने की कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी, जम्मू-कश्मीर जल्द आतंकवाद मुक्त होगा। वहां सरकार विधानसभा चुनाव कराने की भी तैयारी में है। पाकिस्तान को भी आतंकवाद को लेकर कड़ा संदेश देने की आवश्यकता है। कश्मीर में आतंकवाद को दोबारा सिर उठाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।



**आम चुनाव**
राज कुमार सिंह

# कई के सामने अस्तित्व की चुनौती

> इस चुनाव दोनों बड़े दलों पर परिणामों का दूरगामी असर पड़ेगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से इतर कुछ दल और नेता तो ऐसे हैं, जिनका भविष्य ही इन चुनावों में तय हो जाएगा। राजनीति में किसी को खारिज नहीं करना चाहिए, लेकिन बदलते परिदृश्य में कुछ नेताओं के लिए ये चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं। हार के बाद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे। उत्तर प्रदेश में चमत्कारिक रफ्तार से बढ़ी बहुजन समाज पार्टी अपने बूते भी सत्ता तक पहुंची। बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र एक सीट पर सिमट गई।

बेशक अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव केंद्रीय सत्ता का फैसला करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की 'हैट्रिक' का नारा दिया है। वैसा हुआ तो विपक्ष की भूमिका में वह कांग्रेस की भी 'हैट्रिक' होगी। दोनों बड़े दलों पर परिणामों का दूरगामी असर पड़ेगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से इतर कुछ दल और नेता तो ऐसे हैं, जिनका भविष्य ही इन चुनावों में तय हो जाएगा। राजनीति में किसी को खारिज नहीं करना चाहिए, लेकिन बदलते परिदृश्य में कुछ नेताओं के लिए ये चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं। हार के बाद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे।

बात बहुजन समाज पार्टी से शुरू कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में चमत्कारिक रफ्तार से बढ़ी बहुजन समाज पार्टी अपने बूते भी सत्ता तक पहुंची। मायावती ने देश के सबसे बड़े राज्य का चार बार मुख्यमंत्री बनने का करिश्मा कर दिखाया। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में असर के चलते केंद्रीय सत्ता की चाबी कभी बहुजन समाज पार्टी के हाथ नजर आती थी। बहुजन समाज पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला और मायावती प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगीं।

मायावती प्रधानमंत्री नहीं बन पायीं, पर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री के बाद दूसरा शक्तिशाली राजनेता माना जाता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन में 19.3 प्रतिशत वोट की बदौलत 10 सीटें जीतने में सफल बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र एक सीट पर सिमट गई। जो दस सांसद जीते थे, उनमें से भी ज्यादातर इस चुनाव से पहले हाथी का साथ छोड़ गए। लोकसभा चुनाव भी बसपा अकेले लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने बहुजन समाज पार्टी से दोस्ती की कोशिश की थी। अखिलेश की मानें तो 'इंडिया' मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहता था। फिर क्यों, 'बहन जी' के संबोधन से लोकप्रिय, मायावती ने 'एकला चलो' का फैसला किया? इस अनुत्तरित सवाल के जवाब में बहुत कुछ छिपा हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर सपा-बसपा-रालोद गठबंधन 15 सीटें जीतने में सफल हो गया था, तो बदलते राजनीतिक परिदृश्य में इस बार कांग्रेस के भी साथ होने पर 'इंडिया' उस उत्तर प्रदेश में बड़ी चुनौती पेश कर सकता था, जो भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा शक्ति स्रोत है, इसीलिए बहुजन समाज पार्टी पर भाजपा की 'बी टीम' होने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे बसपा उम्मीदवारों की सूची लंबी है, जो निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय समीकरणों में सत्तापक्ष के बजाय विपक्ष को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आक्रामक भतीजे आकाश आनंद को बीच चुनाव उत्तराधिकारी के साथ ही नेशनल कॉर्डिनेटर पद से हटाने को भी मायावती की अबूझ राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी की चार दशक की राजनीतिक कमाई क्यों दांव पर



लगाई, यह तो मायावती बेहतर जानती होंगी, लेकिन सिमटता जनाधार उन्हें चुनावी राजनीति में अप्रासंगिक बना रहा है। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी चमत्कार नहीं कर पाई तो राजनीतिक शोध का विषय बन कर रह जाएगी।

राष्ट्रीय लोकदल का भी सब कुछ इस चुनाव में दांव पर है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से मतभेदों के चलते कांग्रेस से अलग भारतीय क्रांति दल बनाने वाले चौधरी चरण सिंह बाद में प्रधानमंत्री भी बने। हार-जीत होती रही, दल का नाम भी बदलता रहा, पर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा से भी आगे पंजाब, मध्य प्रदेश और ओडिशा तक फैले उनके जनाधार और क्षत्रपों पर सवालिया निशान नहीं लगा। उनके निधन के बाद, खासकर मंडल-कमंडल के राजनीतिक ध्रुवीकरण के चलते वह जनाधार उनके बेटे अजित सिंह के जीवनकाल में ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों तक सिमट गया। अजित के बेटे जयंत चौधरी में चरण सिंह की छवि देखने वालों को उम्मीदें बहुत थीं, पर उन्होंने जिस तरह विपक्ष से पलटी मार कर मात्र दो लोकसभा सीटों के लिए सत्तापक्ष का दामन थाम लिया, उसके नतीजे किसान राजनीति के सबसे बड़े चौधरी की विरासत का भविष्य भी तय कर देंगे।

वैसी ही चुनौती बिहार में चिराग पासवान के समक्ष है। रामविलास पासवान, लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली लोकदली-समाजवादी राजनीतिक धारा से निकले। नीतीश की राजनीति लंबी नहीं बची है। लालू के वारिस के रूप में तेजस्वी ने खुद को स्थापित कर लिया है, लेकिन मायावती के अलावा उत्तर भारत में दूसरे बड़े दलित चेहरे के रूप में उभरे पासवान की विरासत पर संकट है। पहले लोक जनशक्ति पार्टी, भाई और भतीजे बीच बंट गई तो अब चुनावी परीक्षा है। चुनाव केंद्र की सत्ता के लिए हैं, पर महाराष्ट्र की राजनीति पर भी परिणामों का गहरा असर होगा। शिवसेना तोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से मुख्यमंत्री भी बन गये एकनाथ शिंदे की असली परीक्षा इन चुनावों में है। बेशक सांसद-विधायकों का बहुमत उनके साथ गया। चुनाव आयोग ने उनके गुट को शिवसेना भी मान लिया, पर जन समर्थन का पता चुनावों में चल जाएगा। यही हाल अजित पवार का है।

पांच साल में अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दो बार तोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से उप मुख्यमंत्री बनने वाले अजित महाराष्ट्र की राजनीति के 'दादा' बन पाए हैं या नहीं—फैसला चुनावों में हो जाएगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बनी शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस के गठबंधनः महा विकास अघाड़ी की सरकार गिराने और वैकल्पिक सरकार बनाने में भारतीय जनता पार्टी के लिए शिंदे और अजित की उपयोगिता थी। अगर वे चुनावी परीक्षा में फेल हो गए, तो भाजपा उनका बोझ नहीं ढोएगी, क्योंकि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी इसी साल अक्तूबर में हैं। अक्तूबर में विधानसभा चुनाव हरियाणा में भी होने हैं, जहां पिछली बार भारतीय जनता पार्टी बहुमत से चूक गई और सत्ता की चाबी नई बनी जननायक जनता पार्टी के हाथ चली गई। उस चाबी के सहारे 10 विधायकों के नेता दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन इसी साल मार्च में अचानक हुए मुख्यमंत्री- परिवर्तन के क्रम में वह गठबंधन भी टूट गया। दोस्तों में दूरियां इतनी बढ़ीं कि बात भाजपा सरकार गिराने के लिए कांग्रेस से भी हाथ मिलाने तक पहुंच गई है-जबकि खुद अपनी पार्टी बिखराव के कगार पर है। सत्ता की इस चाबी का भविष्य भी इन चुनावों में तय हो जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

डॉ. सौरभ मालवीय




# कायम रहेगा योगी राज

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भाजपा केंद्र की सत्ता में आ गई तो यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह को पीएम बनाने के लिए डेढ़-दो वर्षों से लगे हुए हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया है। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा बचे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे पीएम पद छोड़कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है। वास्तव में केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- 'केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अण्णा हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अण्णा ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं।' इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के बाद भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। वास्तव में प्रधानमंत्री जानते हैं कि योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सराहनीय विकास कार्य किए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने भी योगी आदित्यनाथ के कार्यों को सराहा तथा उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंप दी। लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं की हैं। इसके अलावा योगी अब तक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ पार्टी के चाल, चरित्र एवं चेहरे के अनुसार प्रदेश में हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके कार्य इस बात को सिद्ध करते हैं। चाहे प्राचीन नगरों के नाम परिवर्तित करना हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करना हो। उनके सभी कार्य इसका साक्षात प्रमाण हैं। उनकी देखरेख में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। योगी सरकार राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है।

योगी सरकार ने बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर तथा रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया है। सरकार तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योगी सरकार तीर्थ यात्रियों को कई सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों की अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति यात्री की गई है। इसी प्रकार सिंधु दर्शन के लिए अनुदान राशि 20 हजार रुपये की गई। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं चंदौली में देवदारी राजदारी वाटरफॉल का विकास किया गया। स्पिरिचुअल सर्किट के अंतर्गत गोरखपुरमें पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा एवं बांदा में भी पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। विपक्षी सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाते रहते हैं, परन्तु सत्य यही है कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। जैन एवं सूफी सर्किट के अंतर्गत आगरा एवं फतेहपुर सीकरी में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया जाना इस बात का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पृथक पहचान बनाई है। आज देश में उत्तर प्रदेश मॉडल की चर्चा की जा रही है। ये आदित्यनाथ के प्रयास से ही संभव हो सका है।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहाँ से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है– डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। सबसे पहले तो जहां पर भी सफाई व्यवस्था चरमराई हो, वहां पर उसे दुरुस्त करे और फॉगिंग की गाड़ियां हर क्षेत्र में स्प्रे करें।

*– संजय विश्वकर्मा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

### यूक्रेन को लेकर यूरोप अभी भी संकट की स्थिति में



कुछ लोगों का मानना है कि यूक्रेन में युद्ध ने यूरोप को मौलिक रूप से बदल दिया है, जिससे एक अलग तरह की यूरोपीय व्यवस्था ने जन्म लिया है। यानी ऐसा प्रतीत होता है कि यह यूरोप को चलाने और संगठित करने के तरीके में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। रक्षा और सुरक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में यूरोपीय एकीकरण गहरा हो रहा है और यूरोपीय संघ नए सदस्यों को शामिल करने के लिए अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार करने के लिए तैयार है। इसे दर्शाते हुए, यूरोपीय संघ के नेता, राजनेता और लेखक आम तौर पर 2022 के आक्रमण की तुलना 1945 और 1989 के विभक्ति बिंदुओं से करते हैं। इनमें से प्रत्येक ने नए संगठन और नियम बनाए जिन्होंने यूरोपीय सहयोग, राजनीति, अर्थशास्त्र और सुरक्षा को फिर से परिभाषित किया। 1989 में शीत युद्ध की समाप्ति यूरोपीय एकीकरण को आगे बढ़ाने वाली थी और इसने कई पूर्वी यूरोपीय देशों को यूरोपीय संघ में लाने का रास्ता खोल दिया। सरकारों ने विशेष रूप से रक्षा खर्च बढ़ाया है और यूरोपीय संघ ने दर्जनों नई सुरक्षा पहल शुरू की हैं। हालांकि, यह यूरोपीय व्यवस्था में कितना बदलाव लाता है यह अनिश्चित है।

## ऑफ बीट

### धूप का चश्मा खरीदते समय रखें इस बात का ध्यान?



'ऑप्टिशियन' (चश्मा बनाने वाला) को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का पालन करना होता है यानी चश्मा बनाते समय उनके लिए उच्च मानकों का पूरा करना अनिवार्य है। इसका अर्थ यह है कि पेशेवर ऑप्टिशियन ग्राहकों को अपने लिए ऐसा धूप चश्मा चुनने में बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं जो न केवल उनकी व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करता हो, बल्कि आरामदायक भी हो और उनके चेहरे की बनावट के भी अनुकूल हो। सुरक्षा के नियम यूरोपीय कानून धूप के चश्मे के लेंस को 'व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण' के रूप में वर्गीकृत करता है, जिसे सुरक्षा के पांच स्तरों को पूरा करना चाहिए। श्रेणी 'शून्य' के लेंस 80–100 प्रतिशत प्रकाश को अंदर जाने देते हैं, जबकि श्रेणी चार के लेंस केवल तीन से आठ प्रतिशत को ही चश्मे से अंदर जाने देते है जिसका अर्थ है कि वे वाहन चलाते समय पहने जाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। श्रेणी तीन का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है, क्योंकि ये वाहन चलाने सहित अधिकतर स्थितियों के लिए उपयुक्त होते हैं। तो, क्या गहरे रंग के लेंस आपकी बेहतर सुरक्षा करते हैं? इसका संक्षिप्त उत्तर है : ऐसा जरूरी नहीं है।

## ट्रेंड

### पराजित होना तय



टीएमसी, कांग्रेस और वामपंथियों ने पश्चिम बंगाल को भ्रष्टाचार और कुशासन का पर्याय बना दिया है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उनका पराजित होना तय है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अनुभव को गहरा कर देता



जिसे असफलता माना जाता है, वह आपके अनुभव को अधिक गहरा कर देता है, जिसे आप सफलता मानते हैं। यदि आप जानते हैं कि आपके आस-पास क्या हो रहा है, इसके बावजूद खुद को खुश कैसे रखना है, तो परम मुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### ऐतिहासिक गारंटियां



कांग्रेस आपको ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देंगी। 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी। हर ग्रेजुएट एक लाख रू प्रति वर्ष स्टाइपेंड। पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून, गिग वर्क फोर्स के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आप सही हैं या गलत



चमकती रोशनी बंद कर दीजिए, आप विचारशील हैं। एक मोमबत्ती बुझा दो, तुम मूड बिगाड़ने वाले हो। कभी-कभी संदर्भ यह निर्धारित करता है कि क्या सही है और क्या गलत।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## ईरानी राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे के बाद बोले भारतीय प्रधानमंत्री मोदी

# 'हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं'

### ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरू ने कहा, 'ईरान का प्रशासन इस हादसे से प्रभावित नहीं होगा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ईरान के लोगों के लिए संदेश दिया है। सोशल प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट एक बयान में नरेंद्र मोदी ने कहा, "राष्ट्रपति रईसी की आज हेलीकॉप्टर उड़ान के बारे में आ रही ख़बरों से ग़हरी चिंता हुई है। हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और राष्ट्रपति और उनके दल की भलाई की कामना करते हैं। वहीं अज़रबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलियेव ने इस हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वो हेलीकॉप्टर हादसे की ख़बर से बेहद परेशान है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने उड़ान भरने से पहले अज़रबैजान के राष्ट्रपति के साथ ही दोनों देशों की सीमा पर बांध का उद्घाटन किया था। राष्ट्रपति अलियेव ने कहा कि संकट की इस घड़ी में अज़रबैजान ईरान की हर मदद करने के लिए तैयार है।

### अमेरिका रख रहा पूरे मामले पर नजर

अमेरिका ने कहा है कि वह ईरान के राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की रिपोर्टों पर नज़र रखे हुए हैं।विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए ये कहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने एक बयान में कहा है, "माननीय राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर के बारे में ईरान से परेशान करने वाली ख़बर सुनी। बड़ी चिंता के साथ खुशख़बरी का इंतज़ार कर रहा हूं कि सब ठीक है। हमारी दुआएं और शुभकामनाएं माननीय राष्ट्रपति रईसी और पूरे ईरानी राष्ट्र के साथ हैं।

## इब्राहिम रईसीः धार्मिक स्कॉलर से ईरान के राष्ट्रपति पद तक



पूर्वी अज़रबैजान प्रांत में बांध का उद्घाटन करके लौट रहे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुआ है। उनके साथ विदेश मंत्री और कई अन्य लोग भी सवार थे। इब्राहिम रईसी हमेशा काली पगड़ी पहनते हैं जो इस बात का संकेत है कि वो इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद की विरासत से सीधे जुड़े हुए हैं।एक धार्मिक स्कॉलर से, वकील और फिर ईरान की क़ानून व्यवस्था के शीर्ष तक पहुंचने वाले रईसी देश के नंबर दो के धार्मिक नेता भी हैं। शिया धर्म गुरुओं के पदानुक्रम में वे धर्मगुरू अयातोल्लाह से एक क्रम नीचे माने जाते हैं।

इब्राहिम रईसी ने जब जून 2021 में ईरान की सत्ता संभाली थी। इब्राहिम रईसी का जन्म साल 1960 में उत्तर पूर्वी ईरान के पवित्र शहर मशहद में हुआ था। इसी शहर में शिया मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र मानी जाने वाली मस्जिद भी है। वे कम उम्र में ही ऊंचे ओहदे पर पहुंच गए थे। रईसी के पिता एक मौलवी थे. रईसी जब सिर्फ़ पाँच साल के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। उन्होंने अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए 15 साल की उम्र से ही क़ोम शहर में स्थित एक शिया संस्थान में पढ़ाई शुरू कर दी थी। अपने छात्र जीवन में उन्होंने पश्चिमी देशों से समर्थित मोहम्मद रेज़ा शाह के ख़िलाफ़ प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। बाद में अयातोल्ला रुहोल्ला ख़ामेनई ने इस्लामिक क्रांति के ज़रिए साल 1979 में शाह को सत्ता से बेदख़ल कर दिया था। वे उनके साथ जुड़ गए थे। सिर्फ़ 20 साल की उम्र में ही उन्हें तेहरान के क़रीब स्थित कराज का महा-अभियोजक नियुक्त कर दिया गया था। उन्हें ईरान के कट्टरपंथी नेता और देश के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयातुल्लाह अली ख़ामेनेई का करीबी माना जाता है। वे जून 2021 में उदारवादी हसन रूहानी की जगह इस्लामिक रिपब्लिक ईरान के राष्ट्रपति चुने गए थे।

## 'लोग चिंता ना करें, सरकार के काम प्रभावित नहीं होंगे'

तेहरान। ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरू अयातोल्लाह ख़ामेनई ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद दिए पहले बयान में कहा है कि ईरान का प्रशासन इस हादसे से प्रभावित नहीं होगा। देश के नाम संदेश में ख़ामेनई ने ईरान के लोगों से कहा है कि लोग चिंता ना करें, सरकार के काम प्रभावित नहीं होंगे। ख़ामेनई ने हेलीकॉप्टर हादसे के बाद राष्ट्रपति रईसी के स्वास्थ्य के लिए दुआ भी की है। हादसे के बाद ख़ामेनई ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ आपात बैठक भी की है। वहीं, ईरान के सबसे बड़े धर्मस्थल इमाम रेज़ा के पवित्र स्थल पर आठवें शिया इमाम के जन्मदिन के मौके पर जुटे लोगों ने भी राष्ट्रपति रईसी के स्वास्थ्य के लिए दुआएं की हैं।



### बशीरहाट पुलिस ने दी जानकारी

# संदेशखाली में टीएमसी कार्यकर्ता गिरफ्तार, दुष्कर्म का लगा आरोप



एजेंसी ▶▶| संदेशखाली

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक नाबालिग लड़की के साख दुष्कर्म करने के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के अनुसार, शुक्रवार की रात को आरोपी किसी तरह उनके घर पर घुस गया और लड़की का यौन उत्पीड़न किया।

पुलिस ने बताया कि आठवीं की छात्रा किसी तरह वहां से भागने में काबयाब रही। बाहर आकर उसने शोर मचाया, जिसके बाद घरवाले और पड़ोसी बाहर आ गए। बशीरहाट पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि 20 वर्षीय आरोपी से पूछताछ जारी है। उन्होंने आगे बताया कि लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया और रिपोर्ट्स का इंतजार है।

### शाहजहां पहले से ही जेल में

संदेशखाली क्षेत्र कोलकाता से लगभग 100 किमी दूर सुंदरबन की सीमा पर स्थित है। फरवरी में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। दरअसल, शाहजहां शेख पर जमीन हड़पने और महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है।

### क्या है संदेशखाली मामला

संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इस साल जनवरी में शाहजहां के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान शाहजहां के समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था, जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। इस हादसे के बाद शाहजहां फरार था, लेकिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।




E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

**SPARSH AUTOMOBILES**
**RAIPUR: PACHPEDI NAKA:** CALL: 9926127774, 8435059922. **MAHASAMUND:** CALL: 8435019922. **RAJIM:** CALL: 9926104449. **BHATAPARA:** CALL: 9285505780. **GARIYABAND:** 9753225616. **PITHORA:** 9926602080. **CHARODA:** CALL: 6262043029. **DURG:** CALL: 6262043029. **DONGARGARH:** CALL: 9827643832. **RAJNANDGAON:** CALL: 9977039992. **BHILAI:** CALL: 9826440009, 9689214825. **KHAIRAGARH:** 8839811678.

**VISHWABHARTI AUTOMOBILES**
**RAIPUR: MOWA:** 6262620000, 6262620012, 6262620047. **BASNA:** 6262620031. **ARANG:** 6262620007/14.

**HDN MOTORS**
**RAIPUR: TATIBANDH:** CALL: 7909800007, 7909800005. **BAGBAHRA :** 7909800034. **KURUD:** 7909800050. **SIMGA:** 7909800070.

**CHOUHAN AUTOMOBILES**
**BHILAI:** 7222910011, 22, 33. **KAWARDHA :**7222910044. **BEMETERA:** 7222910025. **BALOD:** 7222910012. **DALLIRAJHARA:** 7222910029

**SKY AUTOMOBILES**
**RAIPUR: MAHOBA BAZAR:** CALL: 9893307422,9584433191. **AVANTI VIHAR:** CALL: 9109900120, 9584433131. **DHAMTARI:** CALL: 9893307417. **BALODA BAZAR:** CALL: 9584433123, 9111107004. **SARAIPALI:** CALL: 9584433874. **KANKER:** 8889998604. **KASDOL:** 9584433135. **SARSIWA:** 9584433874. **TILDA:** 9584465301. **KHARORA:** 9584465301. **ABHANPUR:** 9584466869. **JAGDALPUR:** 9584433110, 9584465281. **KONDAGAON:** 7909903505.

*Offer includes consumer offer, exchange bonus, Spot booking offer, institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. ^Up to 100% on road funding is provided by select financiers only. +Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. *^+Terms and conditions apply. Terms and conditions are subject to change without any prior notice. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of standard equipment and may vary according to the variant. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. ##As certified by Test agency under Rule 115(G) of CMVR 1989. ^^Claim supported by independent research agency-JATO Dynamics Limited and is applicable in the petrol category. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st May, 2024.

## जैकेट के शेष

### टॉपर और प्राचार्य ......

रहा है। वह कहां है, इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल सकी है। इसके अलावा प्राचार्य से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार दीपांशु संस्कृत की जांच भी शुरू कर दी गई है। जांच के बाद प्राचार्य के बारे में भी नए खुलासे हो सकते हैं।

### शालीमार एक्सप्रेस के ....

कूदकर ट्रेन से बाहर भागने लगे। अधिकारियों के मुताबिक, जब यह घटना हुई, उस समय ट्रेन की रफ्तार 30 के आसपास थी।


खंबा गिरने के जानकारी पायलट को तत्काल ही मिल गई थी। ट्रेन रोकने के बाद खंबा निकाला गया और तुरंत अधिकारियों को सूचना दी गई। उरकुरा से रायपुर पहुंचते ही स्टेशन पर डॉक्टरों की टीम पहुंच चुकी थी। यात्रियों को ट्रेन से उतारने के बाद स्टेशन पर ही उनका प्राथमिक उपचार किया गया, इसके बाद 108 एंबुलेंस में उन्हें अस्पताल भेजा गया। रेलवे के मुताबिक, अंडरग्राउंड केबल की पुशिंग का काम करते समय निकली राड से एसी बोगी का कांच टकराया।

**चेहरे और आंखों में धंस गए शीशे के टुकड़े :** इस हादसे में ट्रेन के एसी कोच बी-6 में कोलकाता से ठाणे जा रहे सौम्य मंडल भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि लोहे का खंबा गिरने से ट्रेन के एसी कोच की खिड़की का शीशा टूट गया और अपनी सीट पर बैठे सौम्य मंडल के चेहरे और आंखों के आसपास शीशे के टुकड़े धंस गए। इससे वे घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरिभूमि से चर्चा में जख्मी यात्री सौम्य मंडल की बहन अंकिता मंडल ने बताया कि उनका भाई अपनी सीट पर बैठा हुआ था और वे सो रही थीं। इसी दौरान अचानक कोच की खिड़की का शीशा टूट गया और भाई के चेहरे तथा आंखों के आसपास शीशे के टुकड़े धंस गए। इससे भाई बुरी तरह घायल हो गया। अंकिता ने बताया कि अचानक हुई इस घटना से मैं पूरी तरह से घबरा गई थी। इस हादसे में कोच में सफर कर रहे एक दूसरे यात्री का हाथ भी कट गया। यात्री के हाथ से बहुत खून बह रहा था।

### भूपेश के करीबी .....

ही घर से फरार हो जाते थे। बताया जाता है कि अक्टूबर 2018 में सीडी कांड से चर्चित विजय भाटिया की शहर और सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू हो गई थी। कांग्रेस की सरकार में विजय भाटिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी लोगों में उनकी गिनती होती थी। फिलहाल विजय भाटिया से पूछताछ की जा रही है सोमवार की शाम उन्हें न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी चल रही है। इसे लेकर कई भी विभाग के अधिकारी कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ समेत रायपुर, भिलाई दुर्ग शहर में विजय भाटिया की हिरासत में लेने की बात की सुबह से ही चर्चा का विषय बना हुआ है। कारोबारी विजय भाटिया के पकड़े जाने के बाद इसमें कई बडे खुलासा हो सकता है।

## चुनाव ड्यूटी में वाहन...



गोंडा। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की पूर्व संध्या पर रविवार गोंडा, यूपी में चुनाव ड्यूटी पर खड़े वाहन। गौरतलब है, 20 मई सोमवार को लोकसभा के पांचवे चरण का मतदान होना है।

## पेज एक के शेष

### मीटर का मैटर हो...

500 रुपए प्रतिकर (हर्जाना) देना होगा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रकाशन अपनी वेबसाइट पर किया है। यह विनियम छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (विद्युत वितरण निष्पादन हेतु मानक) प्रथम संशोधन विनियम-2024 कहलाएगा। यह विनियम 1 अप्रैल से पूरे छत्तीसगढ़ के लिए प्रभावशील हो चुका है। आयोग के सचिव एसपी शुक्ला ने कहा है कि इस संबंध में अधिसूचना के प्रकाशन के लिए भेजा गया है, साथ ही आयोग की वेबसाइट पर डाला गया है, ताकि वह उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए उपलब्ध हो।

### 24 से 72 घंटे में...

होगा। इसी तरह लाइन ब्रेक डाउन, माईनर ब्रेक डाउन 6 घंटे से मेजर ब्रेक डाउन 24 घंटे ए संवर्ग के शहरों एवं नगरीय क्षेत्रों में होता है तथा माइनर ब्रेकडाउन 12 घंटे या मेजर ब्रेकडाउन ग्रामीण क्षेत्र में दो दिन तक होता तो भी उपभोक्ता को हर दिन के 500 रुपए देने होंगे।

### मीटर खराब हो तो...

से अधिक नहीं होगा। यदि मीटर प्रथम दृष्टया दोषपूर्ण या जला या चोरी पाया जाता है, जिसका कारण उपभोक्ता नहीं तो लायसेंसी को आयोग द्वारा दी गई समयसीमा के भीतर अपनी लागत पर नए मीटर के माध्यम से आपूर्ति बहाल करनी होगी। यदि जांच के बाद पाया जाता है कि उपभोक्ता के जिम्मेदार कारणों से मीटर खराब हो गया है, जल गया या चोरी हो गया है तो उसका शुल्क उपभोक्ता से वसूला जाएगा।

### राजनाथ, स्मृति समेत...

कराए गए हैं। इधर, उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में भाजपा के दिग्गज नेता राजनाथ सिंह व स्मृति ईरानी समेत जहां पांच केंद्रीय मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मतदाताओं की कसौटी पर होंगे। उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण में 14 लोकसभा सीटों और एक विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए सोमवार को मतदान होगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह-लखनऊ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी-अमेठी, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर-मोहनलालगंज, केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा-जालौन, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति-फतेहपुर लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले में हैं। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायबरेली में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। गांधी के सामने भाजपा ने राज्य सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को फिर मौका दिया है जो यहां 2019 में सोनिया गांधी से पराजित हो गये थे। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए रविवार को मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए पांचवें चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। पांचवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मोहनलालगंज (आरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (आरक्षित), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (आरक्षित), बाराबंकी (आरक्षित), फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा लोकसभा सीटें आती हैं। इस चरण में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से कांग्रेस ने रायबरेली में गांधी के अलावा अमेठी से केएल शर्मा, बाराबंकी (आरक्षित) से तनुज पुनिया और झांसी से प्रदीप जैन 'आदित्य' को चुनाव मैदान में उतारा है। अमेठी संसदीय क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी चुनाव मैदान में हैं, जिन्होंने 2019 में राहुल गांधी को पराजित कर यह सीट जीती थी। ईरानी को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है।

### कहा- आसानी से नहीं...

प्रियंका के इस बयान को लेकर मुख्यमंत्री साय ने पलटवार किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि कांग्रेस को 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है, इतनी आसानी से तो जाएगी नहीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, प्रियंका, झूठ फैलाने से फुर्सत मिल जाए तो आपकी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए पांच हजार करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कह दें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, आपकी अज्ञानता का फायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं। पिछली बार कांग्रेसियों ने राहुल गांधी को कह दिया था कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बना दिया है, उस झूठ का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी पार्टी को रसातल में पहुंचाकर दे दिया।

### पलंग में नोट ही...

नोटों का जखीरा देखकर जांच टीमें भी दंग रह गई। उच्च अधिकारियों को बताने के बाद नोटों की गिनती के लिए 10 से अधिक मशीनें मंगानी पड़ीं। नोट गिनते-गिनते मशीनें गर्म हो गईं। स्टेट बैंक के कर्मचारियों की मदद लेनी पड़ी। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने नोटों की गिनती कराई। एमजी रोड स्थित बीके शूज के अशोक मिड्डा और मंशु फुटवियर के हरदीप मिड्डा के घर, गोदाम, फैक्टरी व प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई है। 30 घंटे से अधिक समय तक 14 ठिकानों पर चली कार्रवाई से शहर के घरेलू जूता ारोबारियों में खलबली मची रही। आयकर की जांच टीम में अन्वेषण शाखा के संयुक्त निदेशक डॉ. अमरजोत, उप निदेशक पंकज कुमार और उप निदेशक आशिमा महाजन शामिल रहीं। आयकर अधिकारियों ने जब्त की गई राशि की घोषणा नहीं की है। आयकर सूत्रों के अनुसार जब्त की गई राशि 100 करोड़ रुपए तक हो सकती है। जिनमें अधिकांश 500-500 के नोटों के बंडल है। आगरा में यह आयकर विभाग की अब तक का सबसे बड़ा छापा माना जा रहा है।

आय से अधिक संपत्ति के दस्तावेज भी मिले आयकर जांच टीम को जूता कारोबारी हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से आय से अधिक संपत्तियों के अलावा बैनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं।

### निकोबार में मानसून...

ऐसा अनुमान है कि 13 जून तक मानसून छत्तीसगढ़ में दस्तक दे सकता है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18 जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।

**52 फीसदी खेती मानसून पर निर्भर :** भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है। 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा, पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।जून और जुलाई को कृषि के लिए मानसून के सबसे महत्वपूर्ण महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकतर खरीफ फसलों की बुआई होती है।

### मानसून आने में वक्त...

कम वर्षा दर्ज की गई है। राज्य के तापमान में धीमी बढ़ोतरी हो रही है मगर तेज गर्मी की संभावना कम है। छत्तीसगढ़ में बस्तर से मानसून आगमन की तारीख 13 जून हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि एक जून तक दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल तक पहुंचेगा तो यहां भी प्री-मानसून की गतिविधि बढ़ जाएगी।

## स्वाति मालीवाल 'पिटाईकांड' की जांच तेज

# दिल्ली पुलिस ने सीएम आवास के सीसीटीवी का डीवीआर किया जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की दिल्ली के सीएम हाउस में हुई कथित पिटाई ने सियासत में उबाल ला दिया है। दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बिभव की गिरफ्तारी से केजरीवाल तिलमिला गए हैं। केजरीवाल ने कल को 'आप' नेताओं के साथ रविवार दोपहर में भाजपा मुख्यालय कूच करने का ऐलान कर माहौल को और गर्म कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा रविवार को घोषित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भाजपा कार्यालय के बाहर 'आप' के विरोध प्रदर्शन की योजना को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने भी एक एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और इलाके की नाकेबंदी कर दी गई है। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे कई 'आप' कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है।



### आप ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने बीजेपी मुख्यालय जाने से रोका

स्वाति मालीवाल से हुई बदसलूकी के मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने बीजेपी के खिलाफ सड़क पर मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। इसी के तहत रविवार दोपहर 12 बजे आप के सभी सांसद, विधायक और अन्य वरिष्ठ नेता डीडीयू मार्ग स्थित बीजेपी हेडक्वॉर्टर पहुंचने के लिए निकले। उनके साथसीएम केजरीवाल भी थे। तय समय पर केजरीवाल आप दफ्तर से बीजेपी दफ्तर गए लेकिन उन्हें अंदर जाने की इजाजत नहीं मिली और प्रदर्शन को वहीं रोकना पड़ा।

### केजरीवाल बोले- पीएम ने ऑपरेशन झाड़ू लॉन्च किया आप नेताओं को करेंगे गिरफ्तार

स्वाति मालीवाल के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी लगातार घिरती जा रहा है। आप सांसद के साथ मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में बीजेपी सीधे तौर से अरविंद केजरीवाल को घेर रही है। लेकिन इन सब के बीच आम आदमी पार्टी भी बीजेपी पर हमलावर है और लगातार आरोप लगा रही है कि यह सबकुछ बीजेपी की साजिश है केंद्र सरकार आप नेताओं को गिरफ्तार करवाना चाहती है। अब इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'ऑपरेशन झाड़ू' को लेकर एक बड़ा दावा कर दिया है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में आप कार्यकर्ताओं के बीच यह दावा करते हुए कहा कि इसके पहले कि आम आदमी पार्टी बीजेपी के लिए चुनौती बने वो उसे कुचल देना चाहती है। उसके लिए उन्होंने 'ऑपरेशन झाड़ू' चालू किया है। इस 'ऑपरेशन झाड़ू' के तहत आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है और आगे भी गिरफ्तार किया जाएगा। आने वाले समय में आम आदमी पार्टी के बैंक खातों को सीज किया जाएगा।

## गाजा में राहत कार्य...



गाजा। मध्य गाजा पट्टी में रविवार को अमेरिका द्वारा दिए गए मानवीय सहायता से भरे ट्रकों पर उमड़े फ़िलिस्तीनी लोग। इजराइल के साथ चल रही हमास की जंग के चलते यहां लोगों को जीना मुहाल हो गया है।

### अमेरिका में सड़क दुर्घटना, छह लोगों की मौत, 10 घायल

**इडाहो फॉल्स (अमेरिका)।** अमेरिका के इडाहो में दो चौपहिया वाहनों की टक्कर होने से छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। इडाहो राज्य पुलिस ने एक बयान में बताया कि इडाहो फॉल्स में यूएस हाईवे 20 पर एक पिकअप वाहन और एक वैन के बीच सुबह करीब साढ़े पांच बजे टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल हुए सभी लोगों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## राशिफल


**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।


**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।


**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने लिया भारत के हक में फैसला

# भारतीय जहाज पर लगा जुर्माना किया माफ, देश छोड़ने की भी दी मंजूरी

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के हक में बड़ा फैसला लिया है। मुइज्जू के कार्यालय ने भारतीय जहाज पर लगाए गए 42 लाख मालदीवियन रुपये (लगभग 2.25 करोड़ रुपये) के भारी भरकर जुर्माने को माफ कर दिया है। इसके साथ ही जहाज को मालदीव छोड़ने की अनुमति भी दे दी। मालदीविन मीडिया पोर्टल अधाधू ने इस बारे में जानकारी दी है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (MNDF) के कोर्स गार्ड ने बीते साल 28 अक्टूबर को भारतीय जहाज 'होली स्पिरिट' को पकड़ लिया था। मालदीव ने भारतीय जहाज पर उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप लगाया था। जब इस जहाज को पकड़ा गया था, उस समय मालदीव में इब्राहिम सोलिह की सरकार थी। जहाज को पकड़े जाने




के बाद मालदीव के मत्स्य मंत्रालय ने इसके संचालक एंटनी जयबालन पर 42 लाख मालदीवियन रुपये का जुर्माना लगाया था। जहाज के संचालक ने जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया था, लेकिन पिछली सरकार ने अनुरोध को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया।

### कोर्ट में वापस लिया केस

इसके पहले मालदीव के मत्स्य मंत्रालय ने जुर्माने की राशि के भुगतान के लिए सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया था। हालांकि, जब राष्ट्रपति कार्यालय ने जुर्माना माफ कर दिया तो मंत्रालय ने अदालत से वापस लेने का अनुरोध किया। अदालत ने अनुरोध के अनुसार आरोपों को खारिज कर दिया। जहाज के संचालक जयबालन ने द न्यू इंडियन एक्सप्रेस को बताया था कि भारतीय दूतावास ने इस मुद्दे को सुलझाने में कोई सहायता नहीं की है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि भारतीय दूतावास ने बाद में इस मामले में मालदीव सरकार से संपर्क किया था या नहीं।


# देशभर से श्रृद्धालु पहुंच रहे उत्तराखंड अब तक 17 तीर्थयात्रियों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार धाम की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रृद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं, हालांकि यहां से प्राप्त हो रही खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है।

राज्य अधिकारियों के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है, हालांकि तीर्थ के दौरान श्रृद्धालुओं की मौत के मामले काफी चिंता बढ़ाने वाले माने जा रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ज्यादातर मौतें बुजुर्ग लोगों की हुई हैं जो पहले हृदय और सांस लेने की समस्याओं पीड़ित थे। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 14 मई तक 1.55 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, 70,000 से अधिक यमुनोत्री और 60,000 से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं।

## शब्द पहेली - 5516



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5515 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5527

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5526 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |



*बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कियारा आडवाणी इन दिनों कॉन्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपना जलवा बिखेर रही हैं। सोशल मीडिया पर कियारा की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आज अभिनेत्री रेड सी फिल्म फाउंडेशन के के गाला डिनर में शामिल हुईं। कान 2024 में पहली बार कियारा आडवाणी भाग ले रही हैं।*

# कॉन्स में जलवा बिखेर रही हैं कियारा

**मुंबई।** कियारा कॉन्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन काफी खुश नजर आ रही हैं। वहीं आज अभिनेत्री 'वीमेन इन सिनेमा' के गाला डिनर में शामिल हुईं। इस दौरान वे गुलाबी रंग के गाउन में नजर आईं। पैपराजी से बातें करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा, 'यह मेरे लिए बेहद खास क्षण है। इस साल बॉलीवुड में मेरे करियर के दस साल पूरे होने जा रहे हैं और इसी साल मैं पहली बार कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई हूं। यह मेरे लिए गर्व की बात है'।

## शाइनी गाउन में ढाया कहर

दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली एमा स्टोन कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में काइंड्स ऑफ काइंडनेस के प्रीमियर में पहुंचीं, जो पुअर थिंग्स के राइटर और निर्देशक योर्गोस लैंथिमोस के साथ उनकी तीसरी फिल्म है। उन्होंने बरगंडी कलर की शाइनी गाउन में रेड कार्पेट पर उतरते ही लोगों की अटेंशन अपने नाम कर ली। उन्हें देखने के बाद शायद आप ऐश्वर्या राय का लुक भी भूल जाए यहां तक कि एक्ट्रेस की क्यूटनेस के आगे आलिया भट्टा भी कुछ नहीं लगेंगी। यकीन नहीं आता तो खुद ही देख लीजिए।





## सेलेना को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

वोग मैगजीन ने बताया कि सेलेना गोमेज और उनके को-स्टार्स को उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज' के लिए 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला। इसके बाद सेलेना ने रेड कार्पेट पर भी धूम मचाई। मालूम हो कि सेलेना टैलेंट की खान हैं। सिंगर होने के साथ-साथ वो सॉन्ग राइटर, एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और बिजनेसवुमेन भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## पहली बार बिना वेडिंग रिंग के दिखे

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार बेन एफ्लेक इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि बेन एफ्लेक और उनकी सुपर स्टार सिंगर पत्नी जेनिफर लोपेज के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों पिछले एक महीने से अलग घरों में रह रहे हैं। वहीं हाल में बेन एफ्लेक ने कुछ ऐसा किया है जिससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि बेन और जेन के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बेन एफ्लेक और जेनिफर लोपेज की जोड़ी हॉलीवुड के मशहूर जोड़ियों में से एक हैं।



## हैली ने क्रॉप टॉप में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन फेमस सिंगर जस्टिन बीबर और हैली बीबर ने बीते दिनों कुछ फोटोज शेयर कर फैंस को बताया था कि वह जल्द पेरेंट्स बनने वाले हैं। ऐसे सोशल मीडिया पर इस कपल के चाहने वालों ने इन्हें ढेर सारी बधाइयां भी दी। इस खबर के बाद ने हैली अपनी प्रेगनेंसी को काफी एन्जॉय कर रही हैं। हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो शेयर की थी, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही थी। वहीं अब एक बार फिर इस कपल को डेट नाइट पर स्पॉट किया गया। देर रात हैली बीबर और उनकी पति जस्टिन को साथ एक डेट नाइट पर स्पॉट किया गया। इस मौके पर हैली अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं।

# दिवाली पर सिनेमाघरों में धमाका करेगी सूर्या की 'कंगुवा'




*मुंबई। दक्षिण भारतीय अभिनेता की फिल्म 'कंगुवा' का प्रशंसक बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। अपने निर्माण और स्टार कास्ट को लेकर यह फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को इस साल दिवाली पर रिलीज करने के लिए निर्माता विचार कर रहे हैं। साल 2022 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी गई थी। अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम तेजी के साथ हो रहा है। बताया जा रहा है कि 'कंगुवा' के पोस्ट प्रोडक्शन का आखिरी भाग अभी बचा हुआ है। शुरुआत में निर्माताओं ने बताया था कि इस साल गर्मी के मौसम में फिल्म सिनेमाघरों में आ जाएगी, लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन का काम टल जाने के कारण फिल्म की रिलीज में देरी हो गई। हालांकि, फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा अभी बाकी है।*

# 'खतरों के खिलाड़ी 14' से बाहर हुए समर्थ जुरेल

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी' का सीजन 14 जल्द ही शुरू होने वाला है। हर बार की तरह इस बार भी शो के प्रतिभागी खतरनाक स्टंट करने के लिए तैयार है। लोग इस शो को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही इस नए सीजन के प्रतिभागियों का एलान किया गया था। इसी बीच शो के एक प्रतिभागी को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। मीडिया



रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के 14वें सीजन में दर्शकों को समर्थ जुरेल के स्टंट देखने को नहीं मिलेंगे। दरअसल, उनके घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से उन्होंने शो से अपना नाम वापस ले लिया है। उनके चाहने वालों के लिए निश्चित तौर पर यह एक बुरी खबर है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शो के बाकी प्रतिभागी 22 मई को मुंबई से रोमानिया के लिए रवाना होंगे।

# आमिर की जगह सलमान बनने वाले थे 'गजनी'

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'गजनी' हिंदी की पहली वो फिल्म थी, जिसने सौ करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'गजनी' में प्रदीप रावत ने विलेन की भूमिका अदा की थी। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि फिल्म के निर्देशक एआर मुरुगादॉस पहले सलमान खान को फिल्म में कास्ट करना चाहते थे। प्रदीप रावत ने सलमान को कास्ट करने के मसले पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता कि सलमान खान को 'गजनी' में लेना सही फैसला होता। उनका कहना था कि सलमान खान को जल्दी गुस्सा आ जाता हैं। प्रदीप रावत 'सरफरोश' फिल्म में आमिर खान के साथ काम कर चुके थे। अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने बताया कि आमिर खान स्वभाव से शांत हैं। वो सभी से अच्छा व्यवहार करते हैं और उन्हें फिल्म में लेना सही होगा। प्रदीप ने याद करते हुए बताया कि उन्होंने 25 सालों में कभी भी आमिर खान को किसी पर चिल्लाते हुए नहीं देखा और न ही किसी का अपमान या फिर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए नहीं देखा।



## 'विश्वंभरा' की शूटिंग पूरा करने की तैयारी में

**मुंबई।** मेगास्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में तृषा कृष्णन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर अपडेट सामने आया है, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया। 'विश्वंभरा' की शूटिंग तेजी से चल रही है। चिरंजीवी और अन्य कलाकारों के साथ एक्शन सीन्स बड़े पैमाने पर शूट किए जा रहे हैं। वहीं अब फिल्म को लेकर ताजा खबर है कि निर्माता जल्द ही इसकी शूटिंग पूरी करने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म विश्वंभरा की पूरी शूटिंग जून के अंत तक खत्म हो जाएगी।



# अनुष्का शेट्टी प्रभास नहीं, कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से करेंगी शादी!



**मुंबई।** 'बाहुबली' की देवसेना यानी अनुष्का शेट्टी को लेकर जो खबर आई है, उससे फैंस को झटका लग सकता है। खासकर, उन फैंस को जो प्रभास के साथ उनकी शादी का सपना देख रहे हैं। दरअसल, ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि अनुष्का शेट्टी एक्टर प्रभास से नहीं बल्कि एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर से शादी करने वाली हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अनुष्का शेट्टी की प्रोड्यूसर से सगाई भी हो चुकी है। शादी इस साल के आखिर तक हो जाएगी। यह खबर वाकई प्रभास-अनुष्का के फैंस का दिल तोड़ने वाली है। अब तक फैंस को लग रहा था कि अनुष्का शेट्टी, प्रभास को डेट कर रही हैं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं और कई फिल्मों में साथ काम किया। 'बाहुबली' सीरीज में प्रभास और अनुष्का की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था, और उसी के बाद से उनकी डेटिंग की खबरें आने लगी थीं। यहां तक कि उनकी शादी की भी चर्चा होने लगी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुष्का शर्मा की एक कन्नड़ फिल्म प्रोड्यूसर के साथ सगाई हो चुकी है, और दोनों की इस साल के आखिर तक शादी हो जाएगी। लेकिन अभी तक इसे लेकर एक्ट्रेस या उनके परिवार की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस प्रोड्यूसर से अनुष्का की शादी होने वाली है, उसकी उम्र 42 साल है और अनुष्का शेट्टी भी 42 साल की हैं। वहीं, प्रभास और अनुष्का की बात करें तो दोनों की जोड़ी तो तेलुगू सिनेमा की हिट जोड़ी माना जाता है। फैंस रियल लाइफ में भी इस जोड़ी को हमेशा से साथ देखना चाहते थे।



# अमर गुफा में जैतखाम और गेट तोड़ने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी/गोपालपुर



15 मई के दरमियानीं रात गिरौदपुरी के जैतखंभ से 5 किमी दूर महाकोनी गांव में अमर गुफा के जैतखंभ को अज्ञात आरोपी द्वारा तोड़फोड़ और नष्ट करने पर चौकी गिरौदपुरी में आईपीसी 295 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी पतासाजी के दौरान पता चला कि भोजराम अजगल्ले जो ठेकेदारी का काम करता है, उसके द्वार गांव महकोनी में नल जल मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था, जिसका ठेका उसने 4.50 लाख में आरोपियों को दिया था। शुरुआत में ठेकेदार द्वारा 10 लाख ही भुगतान किया गया था, जबकि कार्य 90 प्रतिशत होने पर भी बाकी रकम का भुगतान नहीं किया जा रहा था। आरोपियों द्वारा कार्य भुगतान मांगने पर ठेकेदार द्वारा गाली गलौज किया जाता था।

आरोपियों के नाम सल्टू कुमार जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी, पिंटू कुमार जिला जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी, रघुनंदन कुमार जिला सहरसा बिहार वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी के निवासी हैं।

संपूर्ण जांच एवं विवेचना क्रम में ग्राम महकोनी में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण करने वाले 3 आरोपियों को दबोचा गया, जिनसे कड़ाई से पूछताछ पर तीनों आरोपियों ने अमर गुफा में स्थित जैतखाम को काटना एवं लोहे के गेट में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया।

## शराबी बेटे से तंग आकर मां, बाप और छोटे भाई ने मिलकर की हत्या

**राजनांदगांव।** घुमका क्षेत्र के ग्राम बिजेतला के खेत के कुएं में बोरी में भरे शव मिलने के मामले का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। घर में आए दिन मारपीट की घटना करने से परेशान छोटे भाई ने बड़े भाई की टंगिया से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के छोटे भाई सहित माता-पिता के खिलाफ भी कार्रवाई की है।17 मई को ग्राम बिजेतला के ग्रामीणों के माध्यम से सूचना मिली कि होरीलाल उमरे ग्राम बिजेतला के खेत में स्थित सूखे कुएं के अंदर बोरे-कपड़े में लपेटकर बंधा हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। कुएं के अंदर से बोरे-कपड़े आदि में लिपटे हुए शव को कुएं से बाहर निकालने पर अज्ञात पुरूष का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में धारा 302, 201 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पत्रकारवार्ता में उक्त जानकारी देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि आरोपी के मेमोरंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त लोहे का टंगिया व खून धब्बा लगा हुआ पलंग का पाटा, खूरा आदि को आरोपी द्वारा घर में ही छिपा दिया था, जिसे जब्त किया गया है।



# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटकर नहर में गिरी मां-बेटी की मौत, उछलकर गिरे बच्चे सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला थाना इलाके के ग्राम सोढ़ में एक दर्दनाक हादसे में माँ-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि गांव से ट्रैक्टर की ट्राली पर सवार होकर एक महिला व तीन बच्चे सहित चार लोग खेत में गर्मी सीजन के धान की कटाई के लिए जा रहे थे, इसी दरम्यान नहर के किनारे बैलेंस बिगड़ने से ट्राली नहर में गिरकर पलट गई। इस हादसे में ग्राम सोढ निवासी 42 वर्षीय गीताबाई चालीसा पति सनत चालीसा एवं उसके 17 वर्षीय पुत्र हीरालाल चालीसा की मौत ट्राली में दबने से मौके पर हो गयी वही दो अन्य नाबालिग बच्चे हादसे के दौरान उछल कर दूर जा गिरे जिसके चलते वे बाल बाल बच गए। इस हादसे की सूचना सरपंच प्रतिनिधि-रुपेन्द्र पाटिल ने बेरला के पुलिस थाने में दी ,ततपश्चात बेरला पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जिसे देर शाम परिजनों के हवाले सौप कर अंतिम संस्कार कराया गया। बताया जा रहा है कि घटना के वक़्त दोपहर 02 बजे मृतका गीताबाई ट्रैक्टर लेकर अपने खेत मे धान की कटाई के लिए जा रही थी जिसमे उनके पुत्र व भतीज़े शामिल थे तभी यह दर्दनाक दुर्घटना घट गयी।

■ बेरला ब्लाक के ग्राम सोढ़ निवासी ट्रैक्टर पर सवार होकर धान काटने खेत जा रहे थे



### ट्रैक्टर से ट्राली सही ढंग से नहीं जुड़ा था

इस घटना का असल कारण ट्रैक्टर के ट्राली का सही ढंग से नहीं जुड़ा होना था। जिसके कारण ट्राली नहर में पलट गई। वहीं मृतका का पति किसान है, जिसका करीब 3 एकड़ गांव में खेती जमीन है। जिस पर कृषि कार्य करते थे। वहीं उनके एक लड़के व तीन लड़कियां थी। जिसमें एकमात्र बेटे का भी हादसे में जान चली गयी।

### लाश को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला गया

इस सम्बंध में बेरला थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल बेरला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर ट्राली में दबे दोनों मां- बेटे की लाश को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकलवाया गया। वहीं इस घटना के संबंध में पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित व अनुभवी स्टाफ ए.एन.एम., जी.एन.एम., बी.एस.सी., नर्सिंग व कम्प्यूटर ऑपरेटर, आर.एम.ओ (RMO) (Duty DR.) टेलीकॉलर (महिला) व एम.आर.डी.व OT Technician स्टॉफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। **श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क करें:- 9691631006, 9926115911.** (RO-974)

**आवश्यकता है-** Optometrist, OT असिस्टेंट (मेल), अस्पताल सहायक, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर, कंप्यूटर ऑपरेटर, नाईट ड्यूटी, PRO स्टाफ की आवश्यकता है। biodata WhatsApp करें। **संपर्क:- 7000596408.** (RO-2749)

### विद्युत कर्मी

**आवश्यकता है-** 33 के.वी/ 11 के.वी सब स्टेशन, रायपुर में कार्य करने के लिए, आई.टी.आई. पास अनुभवी विद्युत कर्मियों की शीघ्र आवश्यकता है। **संपर्क करें नंबर 9414083494** .(RO-1171)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.** (RO-979)

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास पैकिंग एवम अन्य कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- रायपुर 9827918086, 9685688086.** (RO-2747)

**आवश्यकता है-** साड़ी, सूट रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सीखे हुए को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क प्रेम NX नेताजी चौक कटोरा तालाब रायपुर 9893377713, 8319639801, 8770718084.** (RO-304)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय की लाइन में कार्य किया हुआ अनुभवी सेल्समैन व कंप्यूटर ऑपरेटर तथा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1641)

हरिभूमि

### टीम लीडर/सेल्समैन

ELECTRIK PIAGGIO
**आवश्यकता**
अग्रणी इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर कंपनी आपे को आवश्यकता है।
टीम लीडर - 2 पद
सेल्समैन - 5 पद
सर्विस एडवाईज़र - 2 पद
इच्छुक उम्मीदवार पूर्ण विवरण सहित संपर्क करें।
**वर्धमान पियाजियो**
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर
9826701999, 9826721310
MAHESHWARI

### ऑपरेटर/गार्ड

**आवश्यकता है-** एसपी मार्ट सुपर बाजार के नए शोरूम हेतु 10वीं-12वी पास, बिलिंग ऑपरेटर- 2 (मेल) सेक्युरिटी गार्ड- 3पद (मेल/फीमेल) की आवश्यकता है. फ्रेश/अनुभवी **संपर्क करे- मेनरोड, इंडियन पब्लिक स्कूल के पास, छत्तीसगढ़नगर , टिकरापारा, रायपुर 9752620200 , 7898046666.** (RO-307)

### टीचर

**Required Teachers-** Glorious Hr. Sec. School, Krishna Nagar, Santoshi Nagar, Raipur. Requires the following teachers for English, chemistry, Sanskrit, Music, walk in interview on 22 May 2024 at 10:00AM. Contact 9009272747.(RO-988)

**आवश्यकता है-** गुरु राम दास स्कूल तुलसी बाराडेरा रायपुर अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं -05, प्रचार प्रसार प्रतिनिधि -02, सहायिका -02, घरेलू कार्य हेतु महिला **(पचपेड़ी नाका प्रियदर्शनी नगर) की आवश्यकता है संपर्क:- 6263349364.** (RO-986)

**आवश्यकता है-** धरसींवा के घोढ़ी ग्राम में समवेत संस्था में प्राथमिक विद्यालय में योग्य शिक्षक चाहिए। चित्रकला या संगीत में निपुण को वरीयता दी जाएगी तत्काल आवेदन दें। उत्तम कुमार साहू 9691691012.(RO-985)

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित शिक्षिकाओं की आवश्यकता है संपर्क शिशु प्राथमिक /पूर्व माध्यमिक विद्या मंदिर मठपुरेना। **पोस्ट ऑफिस के पास मठपुरेना रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 9424215141, 9993301387.** (RO-983)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। **संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.** (RO-981)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थान:- तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे:- 9575042814.** (RO-2743)

### कुक/हेल्पर

**आवश्यकता है-** जयस्तंभ चौक स्थित रेस्टोरेंट में किचन में कार्य करने हेतु कुक एंव हेल्पर की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन दोपहर 12 से शाम 5:00 के मध्य संपर्क करें. गिरनार रेस्टोरेंट, जयस्तंभ चौक, रायपुर(RO-1615)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता**
इंटीरियर डिजाइनर ऑफिस में कार्य करने हेतु
**सुपरवाइजर**
लड़कों की आवश्यकता है
योग्यता : 10वीं, 12वीं, एवं स्नातक
संपर्क करें
**8085984626**

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** (आरजू मोटर्स)- ई रिक्शा शोरूम में सेल्सगर्ल/ सेल्समैन की आवश्यकता है। योग्यता-12वीं पास ,वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क करें -बिहार होटल के बाजू पावर हाउस भिलाई मो.- 93003-76522, 89627-21710.**(Ro-464)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** रायपुर एफएमसीजी कंपनी में ऑफिस ब्वॉय की आवश्यकता है। शैक्षणिक योग्यता- 10वीं पास. सैलरी Rs. 8000-10,000, पीएफ ईएसआईसी इंश्योरेंस के लाभ भी मिलेंगे। साक्षात्कार हेतु **संपर्क करें : 9399024415, 8827775033.** (RO-254)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग कार्य करने हेतु युवतियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है। योग्यता 5वीं से स्नातक। वेतन 4000+ कमीशन। **संपर्क:- मो.- 9131259311, 9685734144.**(Ro-471)

### ऑपरेटर/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** इंडस्ट्रियल मोटर /जनरेटर वर्कशॉप के ऑफिस हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ में मार्केटिंग कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। फ्रेशर भी बायोडाटा सहित मिले टाटीबंध रायपुर. 7694954356, 7898900131.** (RO-500)

हरिभूमि

### क्लिनिक कार्य

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लिनिक में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है **संपर्क करें: सुबह 11 से 1 बजे डेंटल केयर क्लिनिक चंद्राकर हॉस्टल के बाजू ,रायपुरा चौक रायपुर 9926161822** dr Thakur (RO-1446)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु , रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम-बिजली की सुविधा फ्री है **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर** Mobile **7471176423** (RO-990)

**आवश्यकता है-** प्रिंटिंग प्रेस हेतु अनुभवी हेल्पर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, बायोडाटा सहित **संपर्क करे:- अंकित प्रकाशन, तिरुपति भवन के बाजू, भाटागांव चौक, रायपुर, 9827116606, 9753672550.** (RO-306)

### टर्नर/शेपर

**आवश्यकता है-** कुशल टर्नर शेपर, आपरेटर, वेल्डर हेल्पर जो रह कर काम कर सके **सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग जेसीबी डायनेमिक के पीछे सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 9425227026.** (RO-34164)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन,सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, डियूटी टाइम 10:30 - 9:30 **शीघ्र सम्पर्क करें विरदीचंद मानकलाल जैन कंकालीपारा 9340477419, 9425216364** (RO-2740)

### सेल्स/मीर्केटिंग

**आवश्यकता है-** रायपुर, भिलाई, दुर्ग में दवाईयों की मार्केटिंग हेतु 10वीं, 12वीं पास सेल्स प्रतिनिधि लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन- 8000 से 10000 +टीए +डीए +इंसेंटिव योग्यतानुसार। मेडिकल लाइन के अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क करें- मो.-62643-03125, 90983-53333.(आरो नं.-6335)**

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** मेटल पार्क उरला में कार्य करने हेतु स्मार्ट लोडिंग सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन 20 हजार, उरला आसपास के रहवासी को प्राथमिकता **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस, फाफाडीह चौक, रायपुर l** (RO-494)

### अकाउंटेन्ट/ऑफिस वर्क

**आवश्यकता है-** 02पद जूनियर अकाउंटेंट एम. कॉम / बी. कॉम टैलीप्राइम / एम.एस.ऑफिस, 03पद ऑफिसवर्क - बी.कॉम / ग्रेजुएट / 12th, 01पद ड्राईवर / हमाल सीमेंट गाड़ी टाटा DI के लिए. 01पद सुपरवाइजर कम ड्राइवर, वेतन योग्यतानुसार। **राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली, 23/5/ 2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.**(Ro-475)

### घरेलु/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य, खाना बनाना ऑफिस में टेली कॉलिंग घर बैठे मार्केटिंग और फील्ड वर्किंग हेतु लड़की /महिला चाहिए खाना रहना फ्री पार्ट/फुल टाइम सैलरी 5000 /10000 **पता:- गोकुल टावर गुढ़ियारी रायपुर नेहा - 7000804678, 9039321951.** (RO-2756)

### सिविल इंजीनियर

**WANTED-** ए.सी.सी. सीमेंट (थर्ड पार्टी पेरोल) में काम करने के लिए 02पद - सिविल इंजीनियर डिप्लोमा / बी.टेक, 02पद सेल्स मार्केटिंग - एम.बी.ए / ग्रेजुएट, वेतन योग्यतानुसार, **संपर्ककरे : राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली दिनांक 23/05/2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे - 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.** (Ro-474)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** एक अंग्रेजी कंप्यूटर का अच्छा जानकर लड़के की जरूरत है ट्रांसपोर्ट office के लिए वेतन 15000 **संपर्क करे सुबह 10 के बाद 9425219226, 31/250 सिविल लाइन्स मुख्य मंत्री निवास के सामने** (RO-2755)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

**आवश्यकता है-** रीवा, सतना ऑफिस में कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 25000 रहना फ्री **सम्पर्क करें- 7987711297, 7000361880.** (RO-

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 09205883119.** (Ro-2723)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9991177208, 9991177208.** (RO-2745)

**फाइनेंस-** मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, **संपर्क करे:- 09599838780.**(RO-2736)

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO -6334)

## Astrology ज्योतिष




हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** महासमुंद में डबल स्टोरी मकान 2000 फीट एकता चौक के पास दुकान सहित 95 लाख में, एवं 2000 फीट कलेक्टरेट रोड के पास 85 लाख में बेचना है । **9907826124, 7974486019.**(RO-07)

**मकान बेचना है-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू स्थित एलआईजी कॉर्नर को सिंगल स्टोरी मकान दो साईड रोड दोनों साईड गेट लगभग 910 स्क्वेयर फीट **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9993059700, 8358030320.** (RO-2752)

### फ्लैट/प्लाट

**बेचना है-** गोकुल टॉवर गोगांव रायपुर में फर्स्ट फ्लोर में 2BHK 660 वर्गफुट का सर्वसुविधा युक्त फ्लैट नम्बर-103, अतिशीघ्र बेचना है केवल **खरीददार ही सम्पर्क करें 8319655436.**(RO-34152)

### प्लाट

**बेचना है-** रायपुर-धमतरी रोड के नजदीक में शदाणी दरबार के पास, शंकराचार्य मंदिर के पीछे, बोरियाकला, लखवानी कटिंग में, डायवर्टेड 1500 वर्गफीट प्लाट बेचना है **संपर्क करें- गोयल रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट 7898748446.** (RO-34141)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
**62638-18152**

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार है नहीं, विचार भी...

01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




# Healthcare

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**



○ गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
○ शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
○ लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
○ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
○ आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
○ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
○ नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**हर्पिस रोग एक लाईलाज बीमारी**

इस समय सभी उम्र के स्त्री पुरुषो में एक न्यूरोट्रापिक हर्पिस वायरस देखे जा रहे है, रोग अधिक बढ़ जाये तो यह शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा अपंग या सून्न कर देता है। इसे कोई साधारण गोली दवा मोबाइल इत्यादि देख कर डॉ. के बिना खुद ईलाज ना करें। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है। अतः खुन से हर्पिस रोग की जाँच कराये समझ मे ना आये तो तुरंत संपर्क करे। इसकी स्थायी चिकित्सा केवल रस रसायन मे ही है। अंग्रेजी दवा से यह ठीक नहीं हो सकता।

**यौन समस्या :**

इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साइंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, l 9425555659, 9617789223, 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाइंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# एक सप्ताह में 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, 31 मई तक नहीं होंगे वीआईपी दर्शन
## मंदिर समिति ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण, हेमकुंड साहिब के 25 मई को खुलेंगे कपाट

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस बार की चारधाम यात्रा में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या ने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। अब तक कुल 4 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन कर लिया है। पिछले साल की तुलना में यात्रियों के दर्शन करने की संख्या में यह तकरीबन 60 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है।

पिछले साल 2023 में यह संख्या 2.50 लाख थी। वहीं, बद्रीनाथ धाम में पिछले साल की तुलना में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटी फाउंडेशन की ओर से सरकारी आंकड़ों के आधार पर किए गए विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है।




- रजिस्ट्रेशन आंकड़े
- केदारनाथ धाम 33.51 फीसदी
- बद्रीनाथ धाम 30.57 फीसदी
- गंगोत्री धाम 17.84 फीसदी
- यमुनोत्री धाम 15.71

### 28 लाख लोगों ने किया रजिस्ट्रेशन

फाउंडेशन ने 10 से 16 मई के बीच एक सप्ताह में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या का विश्लेषण किया गया। 2024 में जब से मंदिर के कपाट खुले हैं, तबसे केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम में 4 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन कर लिया है। रजिस्ट्रेशन का यह आंकड़ा बढ़कर 28 लाख के पार पहुंच चुका है। इसमें 33.51 फीसदी केदारनाथ धाम, 30.57 फीसदी बद्रीनाथ धाम, 17.84 फीसदी गंगोत्री धाम और 15.71 फीसदी यमुनोत्री धाम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

### ऑनलाइन हो रहा रजिस्ट्रेशन

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि चारों धाम के मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में रील्स या वीडियो बनाने पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही वीआईपी दर्शन पर लगी रोक को भी 31 मई तक बढ़ा दिया है। पहले यह रोक 25 मई तक लगाई गई थी। सरकार ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया हुआ है। श्रद्धालु सिर्फ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही कर सकेंगे।

### तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बदरीनाथ धाम में यात्रा दर्शन व्यवस्था और मंदिर समिति कार्यालय और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को उचित निर्देश दिए। मंदिर समिति सभी तीर्थयात्रियों को भगवान बदरीविशाल के सरल-सुगम दर्शन करवा रही है।

### 18 किमी लंबे मार्ग का किया निरीक्षण

चमोली। उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध सिखों पवित्र धार्मिक स्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा भी 25 मई से शुरू होने जा रही है। यात्रा की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। चमोली जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गोविंद घाट गुरुद्वारा से हेमकुंड साहिब तक 18 किलोमीटर के पैदल मार्ग का निरीक्षण किया। श्री हेमकुंड साहिब, लोकपाल मंदिर और वैली ऑफ फ्लावर की यात्रा को सुखद बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। खुराना ने बताया कि इस साल 2024 में 25 मई को श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के आसपास अभी भी करीब आठ फीट तक बर्फ जमा है। लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंड सरोवर भी पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है। हालांकि सेना के जवानों ने हेमकुंड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान सुरक्षा के सभी इंतजाम करने, एसडीआरएफ के साथ डीडीआरएफ जवानों की भी तैनाती करें। पैदल यात्रा मार्ग पर मोड सुधारीकरण, रेलिंग, पार्किंग, घोडा पड़ाव और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, यात्री शेड, बेंच साइनेज सहित बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। साथ ही घोड़े-खच्चरों के लिए भी गर्म पानी की उचित व्यवस्था की जाए।





## खबर संक्षेप

### 36 लाख रुपए का सोना जब्त, एक गिरफ्तार



अगरतला। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिमी त्रिपुरा के निश्चिंतपुर इलाके में सोने की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान प्रशांत राय के पास से 36.6 लाख रुपए मूल्य की सोने की चार छड़ जब्त की गईं। वह अमतली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किश्मतकुरी का निवासी है।
अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने स्वीकार किया कि वह सोने की तस्करी करता था।

### राजस्थानः ट्रक से 3.50 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

जयपुर। राजस्थान पुलिस के गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स) ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से एक ट्रक से चावल के कट्टों की आड़ में तस्करी कर लाए गए 21 क्विंटल 78 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब तीन करोड़ 50 लाख रुपये है। पुलिस के

### राम रहीम ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार

चंडीगढ़। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह फिर से जेल से बाहर आने की उम्मीद और पैरोल या फरलो देने पर रोक के आदेश को हटाने के लिए हाई कोर्ट के समक्ष गुहार लगाई है। डेरा प्रमुख के अनुसार, इस साल उसके पास अभी भी 41 दिन की पैरोल/फरलो बची हुई है। गुरमीत सिंह दुष्कर्म और हत्या के मामलों में दोषी है और वर्तमान में रोहतक जेल में सजा काट रहा है। वह पैरोल या फरलो पर रिहाई के लिए आवेदन करना चाहता है।



### आईएमएस-बीएचयू की जांच में खुलासा, मोबाइल पर ही पूछे गए सवाल
# को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली रिपोर्ट पर शोध अधूरा, पर्याप्त तथ्यों का ध्यान नहीं रखा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस) बीएचयू के प्रोफेसर और जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही शोध सवालों के घेरे में आ गया। शोध में जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। किसी का एंटीबॉडी टेस्ट नहीं कराया गया। मोबाइल फोन की मदद से ही को-वैक्सीन लगवाने वालों से नुकसान पूछे गए, जो किसी भी शोध की गुणवत्ता के लिए ठीक नहीं है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही आईएमएस के निदेशक को सौंपी जाएगी। विभागाध्यक्ष ने को-वैक्सीन पर शोध और उसके दुष्प्रभाव का पेपर प्रकाशित किया। दस से ज्यादा विभागों को शामिल करके कहा कि को-वैक्सीन लगवाने वाले किशोरों के बाल झड़ रहे हैं। त्वचा रोग का मामला भी सामने आया है।

*बीएचयू के जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। शोध में जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है।*

- आईएमएस के निदेशक को जल्द सौंपेंगे रिपोर्ट
- शोध पुराना, अभी सार्वजनिक किया जाना जांच का विषय
- बीएचयू की छवि धूमिल करने का आरोप






### शोध रिपोर्ट के समय पर उठे सवाल

*लोकसभा चुनाव के बीच को-वैक्सीन की शोध रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर सवाल उठाए हैं। आईएमएस बीएचयू के चिकित्सकों का कहना है कि शोध पुराना है, फिर चुनाव के बीच मीडिया को क्यों दिया गया, यह जांच का विषय है। आधी-अधूरी रिपोर्ट के सार्वजनिक किए जाने की पीछे की मंशा ठीक नहीं लग रही।*


### शोध में 10 विभागों का जिक्र

*को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाले शोध में जीरियाट्रिक मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और आईएमएस बीएचयू के करीब दस विभागों का जिक्र है। शोध कार्य पूरा होने के बाद उसके रिसर्च जर्नल्स को प्रकाशन के लिए 30 मई 2022 को संबंधित संस्था में रिसीव हुआ। 17 जुलाई 2022 को उसको स्वीकार किया गया, जबकि 20 जुलाई को प्रकाशन हुआ। जैसे ही शोध रिपोर्ट में को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली जानकारी आईएमएस बीएचयू निदेशक तो हुई तो उन्होंने इसकी सत्यता की जांच करवाने का निर्णय लिया।*

### रिपोर्ट में कुछ कमियों को जानकारी मिली

जो शोध को-वैक्सीन पर किया गया है, उसपर सवाल खड़ा होने के बाद जांच कराई गई है। फिलहाल रिपोर्ट में कुछ कमियों की जानकारी मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आईएमएस के सभी विभागों को पूरे तथ्यों के साथ ही शोध करने का सुझाव दिया जाएगा। इससे संस्थान की छवि बनी रहेगी।
- **प्रो. एसएन संखवार**, निदेशक, आईएमएस बीएचयू

### कोविड के नए वैरिएंट 'फ्लिर्ट' ने बढ़ाई मुसीबत



*वॉशिंगटन। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अपशिष्ट जल में कोरोना के नए वैरिएंट का एक नया सेट देखा गया है, जिसे फ्लिर्ट नाम दिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर सहित कई देशों में इस नए वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तेजी से बढ़ते संक्रमण के चलते सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बार फिर से सभी लोगों से मास्क पहनने की अपील की है।*

### भारत से इजराइल जा रहा था जहाज
# स्पेन ने नहीं दी रुकने की इजाजत, कहा मिडिल ईस्ट को हथियार नहीं शांति चाहिए



एजेंसी ▶▶ ब्रूसेल्स

स्पेन ने भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहे एक जहाज को अपने पोर्ट पर रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। डेनमार्क का झंडा लगा ये जहाज चेन्नई से इजराइल के हाइफा पोर्ट जा रहा था। स्पेन के विदेश मंत्री जोश मैनुएल अल्बारेज ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्री अल्बारेज ने ब्रूसेल्स में पत्रकारों से कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हथियारों की खेप ले जा रहा एक जहाज स्पेन के पोर्ट पर ठहरना चाहता है। जिसे ठहरने की अनुमति नहीं दी गई। अल्बारेज ने कहा कि मिडिल ईस्ट को और हथियारों की जरूरत नहीं है। वहां शांति की जरूरत है। उन्होंने जहाज को लेकर ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

### समर पार्टी ने जताई आपत्ति

स्पेन में हथियारों से लदे जहाजों को ठिकाना देने पर विवाद चल रहा है। इससे पहले भी एक जहाज स्पेन के काताजीना पोर्ट पर रुका था। इसका नाम 'बोरकम' है। स्पेन में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की सहयोगी अति वामपंथी 'समर पार्टी' ने इस पर आपत्ति जताई थी। समर पार्टी ने आरोप लगाया था कि यह जहाज हथियार लेकर इजराइल जा रहा है। इनका इस्तेमाल गाजा में हमलों के लिए किया जाएगा। हालांकि, स्पेन के परिवहन मंत्री पुयेंते ने इससे इनकार करते हुए कहा था कि बोरकम शिप पर मिलिट्री मैटेरियल जरूर हैं लेकिन ये इजराइल नहीं, बल्कि चेक रिपब्लिक के हैं।

### ठग चंद्रशेखर की सुप्रीम कोर्ट से गुहार
# देश में कहीं भी भेज दीजिए जहां पर आप शासन न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें अधिकारियों को उसे मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली की जेलों को छोड़कर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि रिट याचिका में लगाए गए आरोपों के मद्देनजर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाए, जिस पर 19 जुलाई तक जवाब दिया जाए। चंद्रशेखर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पटवालिया ने कहा कि शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए याचिकाकर्ता को दो कैमरों से निगरानी में रखा गया है। वकील ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चंद्रशेखर की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच की सिफारिश की है। पहले भी चंद्रशेखर ने बड़ी राशि के लेनदेन के संबंध में आरोप लगाए थे।

### कैंसर क्लब राजकोट ने शुरू की अनूठी पहल
# कैंसर से पीड़ित 80 से अधिक महिलाओं ने किया रैंप पर वॉक

एजेंसी ▶▶ राजकोट

गुजरात के राजकोट में कैंसर से पीड़ित 80 महिलाओं ने रैंप वॉक किया। यह कार्यक्रम कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शीघ्र निदान के महत्व के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बीते शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर से लड़ने वाली महिलाओं की सराहना और उन लोगों को प्रेरित करना भी था जो अभी भी इससे लड़ रहे हैं।

यह कैंसर क्लब राजकोट की पहल अनूठी मानी जा रही है, क्योंकि इसमें कोई मॉडल नहीं थीं बल्कि केवल वे 80 महिलाएं थीं जो स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का शिकार रहीं लेकिन तमाम बाधाओं के बावजूद इस बीमारी को हरा दिया। कैंसर क्लब राजकोट ने दो महीने पहले यह पहल शुरू की थी। बेंगलुरु और दिल्ली शहरों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### कैंसर का इलाज संभव

*शो के आयोजकों ने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की क्योंकि उन्होंने लगभग एक महीने तक कैंसर रोगियों को इस रैंप वॉक के लिए तैयार किया। फैशन शो के माध्यम से, कैंसर क्लब का लक्ष्य यह बताना है कि यदि कैंसर का शीघ्र पता चल जाए तो वास्तव में इसका इलाज किया जा सकता है और व्यक्ति एक नया जीवन शुरू कर सकता है।*

# चुनावी रैली के दौरान चाकू से नेकां के तीन कार्यकर्ता घायल

एजेंसी ▶▶ पुंछ



जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर में रविवार को एक चुनावी रैली में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के तीन कार्यकर्ताओं पर अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ के समर्थन में मेंढर में आयोजित रैली में पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला भी उपस्थित थे। हरनी के रहने वाले सोहेल अहमद और यासिर अहमद तथा कासबलारी गांव के रहने वाले मोहम्मद इमरान चाकू हमले में घायल हुए हैं तथा उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है।

### सऊदी अरब को परमाणु हथियार बनाने से रोकेगा अमेरिका
# बदले में देगा नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी मिडिल ईस्ट पर पकड़ मजबूत करेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रविवार को अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी अकॉर्ड और सिविल न्यूक्लियर एग्रीमेंट पर चर्चा हुई।

समझौते के तहत अमेरिका, सऊदी अरब को सुरक्षा और परमाणु सहायता देगा। दरअसल, पिछले साल इजराइल और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक रिश्ते शुरू करवाने के लिए अमेरिका पीछे से बातचीत कर रहा था। इस दौरान उसने इजराइल को मान्यता देने के बदले सऊदी को नाटो लेवल की सिक्योरिटी देने की पेशकश की थी। अमेरिका और सऊदी अरब सुरक्षा और परमाणु सहायता वाले करार पर हस्ताक्षर करने के बेहद करीब हैं।



### अमेरिका ईरान के खिलाफ गठबंधन बनाएगा

बाइडेन प्रशासन सऊदी अरब के साथ डील करके इजराइल को मान्यता दिलवाना चाहता है। अगर एक बार सऊदी और इजराइल के बीच कूटनीतिक रिश्ते बहाल हो गए, तो मिडिल ईस्ट के कई दूसरे देश भी इजराइल को मान्यता दे सकते हैं। इससे अमेरिका को वहां ईरान के खिलाफ एक बड़ा गठबंधन बनाने में मदद मिलेगी।

**न्यायालय-श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, धमतरी (छ.ग.)**

प्रो.नं.-920/24
प्रकरण क्र.-30/17
पेशी-12/06/2024

अहमद खान (मृत) वारिसान - रहमान खान एवं अन्य ............................ आवेदकगण
बनाम
शकुरबी वगैरह .................................... अनावेदकगण

प्रति,
मुन्नाबी पिता गुलाम अली पति महबूब अली उम्र 62 साल, जाति मुसलमान, निवासी पावर हाउस के पास राजनांदगांव तह. व जि. राजनांदगांव छ.ग.

आवेदकगण रहमान खान पिता अहमद खान मुसलमान एवं अन्य तह. व जि. धमतरी छ.ग. द्वारा एक व्यवहार वाद क्र. 112/अ/12 जो अदम पैरवी में खारिज हो गया है जिसे पुनः नंबरी में लाने हेतु आवेदन अन्तर्गत आदेश 9 नियम 7 व 9 सी.पी.सी. के तहत पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 12.6.24 को आपके उपस्थिति हेतु नियत किया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में कोई हित हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12.6.24 को सुबह 11.00 बजे स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा जिसे इस प्रकरण का पूर्ण ज्ञान हो व समस्त दिया गया हो उपस्थित होकर अपना प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 12.6.24 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 17/05/2024 को मेरा हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक - 17/05/2024

सील
(मोहन सिंह कोर्राम)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
जिला धमतरी (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्र. 438 / नं.पं. / राजस्व / 2024-25
नगरी, दिनांक 13/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पवन कुमार पिता रूपराम साहू जाति तेली, शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड क्र. 01 दमकाडीही, नगर पंचायत नगरी तह. नगरी जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांर्गत वार्ड क्रं. 01 प.ह.नं. 23 आबादी भूमि खसरा नं. 516 कुल रकबा 3315 वर्गफीट पर काबिजदार श्री भूपेन्द्र पिता पवन कुमार साहू के नाम मकान/मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड कं. 01 की मांग संख्या 269 में दर्ज है। आवेदक अपने पुत्र स्व. भूपेन्द्र कुमार के मृत्यु उपरान्त, निकाय के कर संग्रहण पंजी से उनका नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था का हित बद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 13/06/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः

**Construction work of new rooms for the Estate Office at NIT Raipur (Second call).**
**Enquiry No.: NITRR/EE/EO/ETender/2024/0211 Raipur, Dated: 15-05-2024.**
जो की ई–निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.com/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि **04/06/2024, 18:00** बजे तक व निविदा खुलने की तिथि **06/06/2024, 16:00** बजे।
फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही–
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर
ASA

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः

1. **Regarding waterproofing work of Central Library in the main Institute building at NITT Raipur (1st call)**
   **Enquiry No.: NITRR/EE/EO/ETender/2024/0209, Raipur, Dated: 15-04-2024.**
2. **Regarding Construction of Rain Water Harvesting system (phase-I) in the NIT campus of NIT Raipur. (First call)**
   **Enquiry No.: NITRR/EE/EO/ETender/2024/0210 Raipur, Dated: 15-04-2024.**
   जो की ई–निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.com/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि **08/06/2024, 18:00** बजे तक व निविदा खुलने की तिथि **10/06/2024, 16:00** बजे।

फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही–
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर
ASA

## खबर संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ 65 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** कच्चे माल की लागत और कुछ अन्य खर्चों के कारण जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही में 65 प्रतिशत घटकर 1,322 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 3,741 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 46,511.28 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 47,427 करोड़ रुपये थी।

### एलटी फूड्स का लाभ चौथी तिमाही में 14 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** बासमती चावल ब्रांड 'दावत' और 'रॉयल' के मालिक एलटी फूड्स का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 14 प्रतिशत बढ़कर 150.24 करोड़ रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 131.81 करोड़ रुपये था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 2,091.73 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,834.95 करोड़ रुपये थी।

### जी एंटरटेनमेंट का लाभ चौथी तिमाही में 13.35 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.35 करोड़ रुपये रहा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जेडईईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 196.03 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। आलोच्य तिमाही में एकीकृत कुल आय 2,185.29 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,126.35 करोड़ रुपये थी। चौथी तिमाही में कुल खर्च 2,043.76 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,083.35 करोड़ रुपये था।

# आईडीएफसी व आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एक होने जा रहे, शेयरहोल्डर्स की मिली मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्राइवेट सेक्टर के आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का विलय होने जा रहा है। इस विलय को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकतर शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की चेन्नई बेंच ने यह मीटिंग आयोजित की थी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने शेयरधारकों के इस फैसले की जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को दे दी है। बैंक ने बताया कि मर्जर के प्रस्ताव को 99.95 फीसदी इक्विटी शेयरहोल्डर्स ने मंजूरी दी है। एनसीएलटी द्वारा आयोजित बैठक में ई वोटिंग और रिमोट ई वोटिंग के जरिए यह फैसला हुआ है। जल्द ही इस फैसले की घोषणा नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा भी की जा सकती है।

## एनसीएलटी की चेन्नई बेंट ने की थी यह मीटिंग आयोजित

### शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग के दौरान उछले शेयर

आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के विलय को मंजूरी मिलने के चलते इनके शेयर में शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग के दौरान उछाल देखा गया। आईडीएफसी का शेयर बीएसई पर 0.10 रुपए ऊपर जाकर 114.35 रुपए पर बंद हुआ। साथ ही आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का शेयर भी 0.20 रुपए उछलकर 77.44 रुपए पर बंद हुआ है।




### साल 2015 से शुरू हुआ था आईडीएफसी फर्स्ट बैंक

आईडीएफसी लिमिटेड की स्थापना 1997 में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की फाइनेंसिंग के लिए हुई थी। साल 2014 में कंपनी को आरबीआई ने बैंकिंग सेक्टर में आने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद अक्टूबर, 2015 से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कामकाज शुरू किया था।

### आरबीआई ने दिसंबर में दे दी थी मर्जर को मंजूरी

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने दिसंबर, 2023 में आईडीएफसी लिमिटेड और इसकी बैंकिंग सब्सिडियरी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिवर्स मर्जर की अनुमति दे दी थी। आईडीएफसी फाइनेंशियल होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बोर्ड ने इस मर्जर को जुलाई, 2023 में मंजूरी दी थी। इस प्रस्तावित रिवर्स मर्जर स्कीम के तहत आईडीएफसी के शेयरहोल्डर्स को 100 शेयर के बदले 155 शेयर मिलेंगे। आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर्स की फेस वैल्यू 10 रुपए होगी।

## रिलायंस इस सुविधा से बड़ी हिस्सेदारी पाना चाहती है

# सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की एटीएफ पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है रिलायंस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चाहती है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पाइपलाइन और भंडारण (स्टोरेज) तक पहुंच मिले। इन पाइपलाइन और स्टोरेज का निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने पिछले कई साल में किया है। इन का इस्तेमाल वे डिपो और तेल रिफाइनरी से हवाई अड्डों तक विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए करती हैं। रिलायंस इन सुविधाओं तक पहुंच से एशिया के कुछ व्यस्त हवाई अड्डों पर ईंधन कारोबार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। देश के कुल विमान ईंधन (एटीएफ) उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है।

- देश के कुल एटीएफ उत्पादन में रिलायंस की हिस्सेदारी 25 फीसदी

**खास बातें**

- रिलायंस दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद हवाई अड्डे तक पाइपलाइन चाहती है
- दशकों से पीएसयू की पाइपलाइन से हो रही है सप्लाई



### फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम

रिलायंस दिल्ली हवाई अड्डे के बाहर के स्टोरेज डिपो के अलावा मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद हवाई अड्डों तक जाने वाली पाइपलाइन तक पहुंच चाहती है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा की जाने वाली एटीएफ आपूर्ति की तुलना में फिलहाल रिलायंस की हिस्सेदारी काफी कम है।

### देश का ईंधन बाजार मुक्त है

देश का ईंधन बाजार मुक्त है लेकिन देश के व्यस्त हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति दशकों से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा बनाई गई पाइपलाइन से की जाती है।

### पाइपलाइन की पहुंच से लागत में कमी आएगी

नियामक ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ईंधन की लागत को कम करने के लिए सभी आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के लिए इन पाइपलाइन तक पहुंच मिलनी चाहिए। पीएनजीआरबी के मसौदे पर रिलायंस ने यह सुझाव दिया है।

### पीएनजीआरबी ने मांगी थी टिप्पणी

पेट्रोलियम क्षेत्र के नियामक भारतीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने पाइपलाइन द्वारा सभी मौजूदा और भविष्य के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति के बारे में नियमों के मसौदे पर टिप्पणियां मांगी है।

### रिलायंस मुंबई हवाई अड्डे पर कर रहा एटीएफ की आपूर्ति

रिलायंस, जो एक दशक से अधिक समय से विशेष रूप से मुंबई के हवाई अड्डों पर एटीएफ की आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन तक पहुंच की मांग कर रही है, ने कहा है कि एयरलाइन के लिए पाइपलाइन के दायरे (जो सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा निर्मित पाइपलाइन तक तीसरे पक्ष को पहुंच प्रदान करता है) में भंडारण सुविधाओं तथा 'ऑफ साइट' टर्मिनल सुविधाओं तक पंप स्टेशनों को शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि ये एटीएफ आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### एटीएफ की आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा

रिलायंस का कहना है कि इससे यह हवाई अड्डे पर 'ऑन-साइट' भंडारण सुविधाओं के लिए एटीएफ की आपूर्ति और वितरण को एक प्रतिस्पर्धी बाजार को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा उत्पादित 1.71 करोड़ टन एटीएफ में से 82 लाख टन की खपत देश में होती है और बाकी का निर्यात किया जाता है।

# भारत में अगले पांच से 10 साल में दोगुना हो जाएगी जस्ता की मांग

## भारत में जस्ते की मांग इस्पात बाजार पर निर्भर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इस्पात सहित बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारी निवेश से अगले पांच से 10 साल में देश में जस्ता की मांग दोगुना हो जाने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ ने रविवार को यह बात कही। भारत में जस्ता की मांग काफी हद तक इस्पात बाजार की वृद्धि पर निर्भर करती है, क्योंकि इसका उपयोग मुख्य रूप से इस्पात को जंग से बचाने के लिए किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ के वैश्विक निदेशक मार्टिन वान लियूवेन ने कहा, मुझे अगले पांच से 10 साल में जस्ता के लिए मांग दोगुनी होने की उम्मीद है। भारत में प्राथमिक और परिष्कृत जस्ता बाजार वर्तमान में 800 से 1,000 टन सालाना के करीब है और हम भारत में जो विकास देख रहे हैं उसके आधार पर कहा जा सकता है कि इसमें वृद्धि का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा, हम अतिरिक्त इस्पात क्षमता में भारी निवेश देख रहे हैं और...इस्पात को अभी भी 'गैल्वेनाइज्ड कोटिंग्स' द्वारा संरक्षित करने की आवश्यकता है। हम देखते हैं कि नई गैल्वनाइजिंग लाइन के लिए बहुत सारी योजनाएं और निवेश चल रहे हैं। इसलिए मुझे भारत में जस्ता की मांग बढ़ने की उम्मीद है।'' भारत में जस्ता की मौजूदा मांग 800 से 1,000 टन प्रति वर्ष है।

- जस्ते का उपयोग लोहे को जंग से बचाने में होता है

### भारत में जस्ता उपयोग करता बहुत कम

*वान लियूवेन ने कहा कि भारत में जस्ता उपयोगकर्ता बहुत कम हैं। देश में इसकी प्रति व्यक्ति खपत लगभग आधा किलोग्राम है और यह वैश्विक औसत से काफी कम है। उन्होंने कहा, यदि आप भारत में जस्ता के उपयोग को देखें, तो यह प्रति व्यक्ति लगभग आधा किलोग्राम है।*

## विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कंपनियों के तिमाही नतीजे, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा आम चुनाव की वजह से निवेशक अभी सतर्क रुख अपना सकते हैं।

मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के कारण सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, चौथी तिमाही के नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है। कंपनियों के बेहतर नतीजे असमंजस में फंसे बाजार को कुछ राहत प्रदान कर सकते हैं। गौड़ ने बताया कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल का सोमवार को संबोधन है। इससे बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जापान और अमेरिका के आर्थिक आंकड़े तथा वैश्विक मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। सप्ताह के दौरान ओएनजीसी, सेल, बीएचईएल, जेके टायर, वन97 कम्युनिकेशंस, पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, आईटीसी और एनटीपीसी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, इस सप्ताह बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा।

## कारोबार, जमा वृद्धि में बैंक ऑफ महाराष्ट्र सबसे आगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने बीते वित्त वर्ष में कुल कारोबार तथा जमा जुटाने के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह वृद्धि ऐसे समय हासिल की है जबकि ज्यादातर सरकारी बैंक दो अंकीय वृद्धि हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आए।




### जमा जुटाने के मामले में बीओएम की वृद्धि दर अच्छी

मूल्य के हिसाब से एसबीआई का कुल कारोबार (जमा और अग्रिम) बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) के 4,74,411 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 16.7 गुना अधिक 79,52,784 करोड़ रुपये रहा है। इसी तरह बीते वित्त वर्ष में जमा जुटाने के मामले में भी बीओएम की वृद्धि दर सबसे अच्छी रही है।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

# एआई के बेहतर इस्तेमाल से मूल्य सृजन होगा, रोजगार बढ़ेगा

## रेड हैट के सीईओ मैट हिक्स का मानना

एजेंसी ⏭ डेनवर

रेड हैट भारत को दुनिया के तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक के रूप में देखती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मैट हिक्स का कहना है कि देश का बढ़ता उद्यम आधार और तकनीकी नवोन्मेषी क्षमताएं आईबीएम के स्वामित्व वाली कंपनी के लिए रोमांचक संभावनाएं प्रदान करती हैं।

- एआई नए उद्योगों को जन्म देगा

एआई पर बहस और तकनीकी क्षेत्र की नौकरियों और वेतन पर इसके प्रभाव का जिक्र करते हुए हिक्स ने कहा, कृत्रिम मेधा (एआई) पर अगर अच्छी तरह से काम किया जाता है, तो इससे बड़े पैमाने पर मूल्य सृजन होगा और किसी की कल्पना से परे यह नए उद्योगों को जन्म देगा। एंटरप्राइज ओपन-सोर्स सॉल्यूशंस कंपनी रेड हैट का आईबीएम ने 2019 में लगभग 35 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। यह सबसे बड़ा अधिग्रहण सौदा है। भारत में यह कंपनी एक बड़े आधार के साथ काम कर रही है और एक रोमांचक बिंदु पर है जहां वह प्रौद्योगिकी भूमिकाओं के साथ अपनी क्षमताओं को बढ़ा रही है। सीईओ का कहा, मुझे लगता है कि भारत इस समय अपने बुनियादी सिद्धांतों के साथ दुनिया के सबसे मजबूत बाजारों में से एक है...जब मैं भारत में अवसरों को देखता हूं...एक, यह एक तेजी से बढ़ता बाजार है और इसमें उद्यम की जरूरतें हैं, इसलिए यह हमारे लिए बहुत उपयुक्त है... इसके अलावा, मुख्य तकनीकी नवोन्मेषण आधार भारत में बड़े पैमाने पर मौजूद है, इसलिए ओपन सोर्स प्रौद्योगिकियों जैसी चीजों के माध्यम से पूरे देश तक पहुंचने में सक्षम होना, यही बात मुझे वास्तव में भारत के बारे में उत्साहित करती है। हिक्स ने कहा कि वह देश में मौजूद नवोन्मेषण क्षमताओं से 'आश्चर्यचकित' हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम अगले कुछ वर्षों में भारत में बहुत कुछ देखेंगे।''




### एआई मूल्य सृजन करेगा

सीईओ ने कहा, हमारी बिक्री या बाजार टीम के साथ इंजीनियरिंग में पहले से ही मजबूत उपस्थिति है। हमारे लिए एआई जैसे माध्यम क्षमता का विस्तार करेंगे। एआई के प्रौद्योगिकी नौकरियों पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर हिक्स ने कहा, 'एआई पर यदि ठीक से काम किया जाए, तो यह मूल्य सृजन करेगा और नए उद्योग पैदा करेगा।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# आईपीएल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग 7 जून से, 6 टीमों के बीच होगा मुकाबला, सुरेश रैना ने की ट्रॉफी लांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईपीएल की तर्ज पर 7 जून से छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें आईपीएल खेल रहे प्रदेश के स्टार खिलाड़ी नजर आएंगे। रविवार को छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने टीम और कप्तान के साथ ट्रॉफी लांच की। इस दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना भी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का ब्रांड एंबेसडर बनाया। इस लीग की खास बात ये भी है कि इसका लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। कार्यक्रम में पर्ची के जरिए टीम के कप्तानों को खिलाड़ी मिले। लीग में छह टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें बस्तर बॉयसन के कप्तान शशांक चंद्राकर होंगे तो वहीं बिलासपुर बुल्स के कप्तान शशांक सिंह होंगे, जो वर्तमान में आईपीएल में पंजाब से खेल रहे हैं। इसके अलावा रायगढ़ लायंस के कप्तान शुभम अग्रवाल और रायपुर रायनोस के कप्तान अमनदीप सिंह समेत राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान अजय मंडल व सरगुजा टाइगर्स के कप्तान आशुतोष सिंह होंगे। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रमोद शर्मा व छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह व संघ के पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया उपस्थित रहे।






### *क्रिकेट को बढ़ावा देने का प्रयास*

*पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए हैं। मीडिया से बातचीत में श्री रैना ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस तरह के खेल से क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा। खिलाड़ियों को भी नया अनुभव मिलेगा। यह अच्छा प्रयास है। उन्होंने बताया कि लीग से प्रदेश के खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन बेहतर होगा। इससे आईपीएल की राह भी आसान हो सकती है। रैना ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को मिली जीत पर कहा, विराट कोहली भी अच्छा करें। वे भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करें। कोहली हिंदुस्तान का उभरता सितारा हैं। महेंद्र सिंह धोनी अगले साल फिर दिखेंगे आईपीएल में खेलते हुए।*

### *लीग में खेले जाएंगे 18 मैच*

*छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में कुल 18 मैच खेले जाएंगे। लीग बीसीसीआई के नियमों के अनुसार होगा। संघ ने पहले ऑक्शन में खिलाड़ियों की नीलामी करने की योजना तैयार की थी, लेकिन यह सफल नहीं हो पाया, जिसमें चयनकर्ताओं की मदद से टीम का नाम और कप्तान बनाया गया।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| हैदराबाद | 14 | 8 | 5 | 17 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| बेंगलोर | 14 | 7 | 7 | 14 |
| चेन्नई | 14 | 7 | 7 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 14 | 5 | 9 | 10 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 08 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
708 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

### बाउंड्री मीटर

2070 चौके

1208 छक्के




### चेन्नइयिन ने जितेश्वर का करार बढ़ाया

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिए पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा, 'जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा।' जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### चिदंबरम ने शारजाह में बनाई एकल बढ़त

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज



टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। टूर्नामेंट के चार दौर अभी बाकी हैं और 16 खिलाड़ी तीन अंक लेकर अगली पायदान पर हैं।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का



शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। वह अपना लेडीज यूरोपीय टूर कार्ड (एलईटी) बरकरार रखने की कोशिश में जुटी हैं। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगाई जबकि दो बोगी कर बैठीं।


## आईपीएल : जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक

# हैदराबाद की शानदार जीत, पंजाब का अभियान नौवें पायदान के साथ खत्म

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार के यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 214 रन बनाये लेकिन सनराइजर्स ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक हो गए जबकि पंजाब का अभियान 10 अंकों के साथ नौवें पायदान पर खत्म हुआ।

मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा (66 रन) ने 28 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए राहुल त्रिपाठी (33) के साथ 30 गेंद में 72 और तीसरे विकेट के लिए नीतिश कुमार रेड्डी (37) के साथ 31 गेंद में 57 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। त्रिपाठी ने 18 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रेड्डी ने 24 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन का योगदान दिया। उन्होंने क्लासेन के साथ चौथे विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 26 गेंद में 42 रन की पारी के दौरान तीन चौके और दो छक्के लगाए। अर्शदीप सिंह ने 37 रन और हर्षल पटेल ने 49 रन देकर दो-दो विकेट लिए।



### प्रभसिमरन का अर्धशतक बेकार



पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 45 गेंद में 71 रन की पारी के अलावा पहले विकेट के लिए अथर्व तायडे के साथ 55 गेंद में 97 और दूसरे विकेट के लिए रिली रोसेयु के साथ 32 गेंद में 54 रन की साझेदारी की। तायडे ने 27 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 46 तो वही रोसेयु ने 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन के इंग्लैंड लौटने के कारण टीम की अगुवाई कर रहे जितेश शर्मा ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 32 रन बनाकर टीम के स्कोर को 214 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये। कप्तान पैट कमिंस और विजयकांत व्यासकांत को एक-एक सफलता मिली।

### *अभिषेक आईपीएल के नए सिक्सर किंग*

*अभिषेक ने पारी के दौरान चौथा छक्का लगाते ही विराट का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड विराट के ही नाम था। उन्होंने 2016 सत्र में 38 छक्के लगाए थे। अब अभिषेक के नाम आईपीएल 2024 में 41 छक्के हैं। यह टीम प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। ऐसे में अभिषेक का यह रिकॉर्ड और बढ़ सकता है। वहीं, विराट भी अपने 2016 वाले रिकॉर्ड को तोड़ने की दहलीज पर खड़े हैं। वह इस सीजन अब तक 37 छक्के लगा चुके हैं और अपने पुराने रिकॉर्ड को सुधारने की दहलीज पर हैं।*

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5 | 2 |
| सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7 | 4 |
| रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3 | 4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2 | 2 |
| आशुतोष का सनवीर बो नटराजन | 02 | 03 | 0 | 0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 214/5
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अभिषेक का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5 | 6 |
| त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4 | 2 |
| रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1 | 3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3 | 2 |
| शाहबाज का शशांक बो अर्शदीप | 03 | 06 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 08 | 0 | 1 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 06 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 19.1 ओवर में 215/6
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0.

## बारिश के कारण कोलकाता बनाम राजस्थान मैच रद्द



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

बारिश के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग लीग मैच टॉस होने के बाद रद्द करना पड़ा। गीली आउटफील्ड के कारण इसे सात सात ओवर का कराने का फैसला लेने के तुरंत बाद बारिश आ गई और मैच रद्द करना पड़ा।

केकेआर नौ जीत से 20 अंक लेकर पहले स्थान पर रही, उसे दो मैच रद्द होने से एक-एक अंक और मिले। दिन के दोपहर के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (17 अंक) की पंजाब किंग्स पर चार विकेट की जीत के बाद संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स (17 अंक) अंक तालिका में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गई थी जिससे वह इसी स्थान पर कायम रही। सनराइजर्स हैदराबाद बेहतर रन रेट 0.414 से राजस्थान रॉयल्स (0.273) से आगे दूसरे स्थान पर रही। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 14 अंक से चौथे स्थान पर रही।

### प्लेऑफ मैच

| दिनांक | टीमें | समय |
|---|---|---|
| क्वालीफायर-1 | | |
| 21 मई | कोलकाता/हैदराबाद | शाम 7.30 बजे |
| एलिमिनेटर | | |
| 22 मई | राजस्थान/बेंगलुरु | शाम 7.30 बजे |

### निषाद ने एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत

***कोबे।*** *भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था।*

## सात्विक और चिराग बने थाईलैंड ओपन चैंपियन



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरुष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा और कॅरियर का नौवां बीडब्लूएफ विश्व टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।

### *फाइनल तक नहीं गंवाए एक भी गेम*

*सात्विक और चिराग एक भी गेम गंवाए बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था।*

**सेट 1**

सात्विक और चिराग ने जल्दी ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7-7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10-7 से बढ़त बना ली। उन्होंने कुछ लंबी रेलियां लगाई लेकिन चिराग ने तूफानी रिटर्न के जरिए स्कोर 10-10 कर लिया। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग ने 14-11 की बढ़त बनाई। यह बढ़त जल्दी ही 16-12 की हो गई। चीनी जोड़ी ने तीन अंक बनाए लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर गेम जीत लिया।

**सेट 1**

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 8-3 के साथ शुरुआत की और ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त बनाए रखी। चेन और लियू ने तीन अंक लगातार बनाए लेकिन सात्विक ने उनकी लय तोड़ी। जब स्कोर 15-11 था तब सात्विक को खेल में विलंब करने पर चेतावनी मिली और चिराग ने दो अंक गंवाए जिससे चीनी जोड़ी ने 15-14 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें फिर कोई मौका नहीं दिया।

## धोनी सीएसके परिवार का हिस्सा या मेंटोर नहीं रहेंगे तो होगा आश्चर्य

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया।



धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाये। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके पूर्व सलामी बल्लेबाज हेडन ने कहा, 'मुझे लगता है कि धोनी ने अपना आखिरी मैच खेल लिया है। ऐसा नहीं है कि हम आईपीएल में धोनी को आखिरी बार देख रहे हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा अगर वह आधिकारिक क्षमता में सीएसके के परिवार का मार्गदर्शन नहीं करेंगे या उसका हिस्सा नहीं बनेंगे।'

## ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं भाकर

एजेंसी ▶▶| भोपाल

ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते।

मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोउ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने



महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर चीन की हान जियायू के इस महीने बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में बनाए गए 254.0 के मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक अधिक रहा। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3



के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

## आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर भड़के पूर्व कप्तान

# व्यूज के लिए पर्सनल बातें लीक करना गलत : रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं।



रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर अपने दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों। एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।'

### दो बार हो चुकी घटना

रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे। बातचीत की रिकॉर्डिंग करते देख उन्होंने हाथ जोड़कर प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा था, 'भाई ऑडियो बंद करो, 'ऑलरेडी' एक ऑडियो ने मेरा वाट लगा दिया है।

### आरसीबी के प्रदर्शन से टीमों को प्रेरणा मिलेगी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली



आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। फाफ डु प्लेसी की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर चौथा स्थान हासिल किया।







**40+ एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स***

HYUNDAI

Scan to chat with us | my Hyundai app | Hyundai Cl!ck to Buy | 3 YEAR Unlimited~ Kilometer Warranty | UPTO 7 YEARS Extended Warranty^ | 3 YEAR Road Side Assistance (RSA)* | UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package* | UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package* | Bluelink 3 Years free Bluelink subscription*

**For Information Contact:** Toll Free: 1800114645, **Raipur:** Shivnath Hyundai, GE Road, Tatibandh Mob. 9685045126, 9285008566, 8269831021. 9981991744. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843. **Rajnandgaon:** 9755092026. **Raipur:** Shankara Hyundai, Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501. **Bhatagaon:** Shankara Hyundai Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512. **Raipur:** Mangalam Hyundai, Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480. **Bhilai:** Shivnath Hyundai, Shivnath Commercial complex, GE Road, Supela, Mob. 0788 6685555, 7049917535, 7049917534, **Durg:** 9981991789, **Rajnandgaon:** 9755092026. **Balod:** Shankara Hyundai Durg Road, Jhalmala Balod Mob. 6262000545. **Kawardha:** Mangalam Hyundai Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 7880118235. **Jagdalpur:** Shivnath Hyundai Semi Urban Industrial Area, Nayamunda Road, Mob. 9981991862, 9685045125, 7440414615. **Kanker:** 7470777559.

*Terms & Conditions apply. **Ex-showroom price. Features & specifications shown may vary or not be part of standard fitment & are subject to change without prior notice. Some of the features, specifications or equipment illustrated or described herein may not be standard fitment and may be available at additional cost. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. Segment is defined based on SUV dimensions of overall length between 3 800 - 3 900 mm. ~Warranty upto 3 Years or unlimited km whichever occurs earlier. ^Upto 7 years extended warranty on chargeable basis for petrol variants and upto 5 years extended warranty on chargeable basis for CNG variants. Please note that the extended warranty mentioned for all variants is inclusive of the 3 years unlimited kilometer warranty. The CNG kit is warranted directly by CEV Engineering (P) Ltd. Functionality of Bluelink depends on adequate power supply and uninterrupted network connectivity to infotainment system. The Bluelink system is designed in such a way that it makes vehicle theft difficult subject to adequate power supply, uninterrupted network connectivity to informant system and all circuits and battery connection are untampered. Technical specifications have been rounded-off to the nearest value. Deployment of airbags depends upon number of factors explained in detail in owner's manual, available on Hyundai website. The colour of the car shown herein may vary from the actual colour of the car due to the limitations of the printing process. The black shade on glasses is due to lighting effect. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads. #Bluelink is available in select variants only.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com